उज्जैन
शुक्रवार
09
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-68
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



दिलजीत दोसांझ बोले- राखी सावंत मेरी फेवरेट, लीजैंड- बिंदास हैंगिमरत खैहरा बोलीं- मेरा मूड जब भी अपसेट होता है, मैं भी उन्हें देखती हूं

पेज- 8

## प. बंगाल राज्यपाल को बम ब्लास्ट की धमकी का ई-मेल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को गुरुवार देर रात ई-मेल के जरिए जान से मारने की धमकी दी गई।



लोक भवन के सीनियर अफसर ने धमकी की पुष्टि की है। अधिकारी के मुताबिक ई-मेल में राज्यपाल को बम से उड़ा देने की धमकी दी गई है। धमकी भेजने वाले ने ई-मेल में अपना मोबाइल नंबर भी लिखा है। अधिकारी ने पीटीआई से कहा- हमने डीजीपी को जानकारी दी है। आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं। सीएम ममता बनर्जी और गृह मंत्रालय को भी घटना की जानकारी दी गई है। राज्य पुलिस और सीआरपीएफ के 60-70 जवान राज्यपाल बोस की सुरक्षा में तैनात हैं।

## प्रधानमंत्री जी अपने होम मिनिस्टर को कंट्रोल कीजिए: ममता बनर्जी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कथित कोयला तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी के दौरान रुकावट पैदा की। वे कोलकाता में पॉलिटिकल कंसल्टेंट फर्म आई-पैक के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर में जबरन घुसीं और अपने साथ कई फिजिकल डाक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले गईं। ईडी के मुताबिक, इसके बाद मुख्यमंत्री सॉल्ट लेक स्थित आई-पैक कार्यालय भी पहुंचीं। यहां भी राज्य की पुलिस की मदद से अहम सबूत जबरन अपने साथ ले गईं। प्रतीक जैन ममता की पार्टी टीएमसी के आईटी सेल के हेड भी हैं। ममता ने इस कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा- मुझे माफ करें प्रधानमंत्री जी, कृपया अपने गृह मंत्री को कंट्रोल करें।

## नेहरू की गलतियां स्वीकारना जरूरी, लेकिन हर समस्या के लिए उन्हें अकेले दोषी ठहराना गलत

**तिरुवनंतपुरम/कोच्चि।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि नेहरू की गलतियों को स्वीकार करना जरूरी है, लेकिन देश की हर समस्या के लिए उन्हें अकेले दोषी ठहराना पूरी तरह गलत और अनुचित है। थरूर ने कहा- मैं यह नहीं कहूंगा कि मोदी सरकार लोकतंत्र-विरोधी है, लेकिन वे निश्चित रूप से नेहरू-विरोधी हैं। नेहरू को एक सुविधाजनक बलि का बकरा बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि मैं भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के विचारों और दृष्टिकोण की गहरी प्रशंसा करता हूं, लेकिन नेहरू की हर मान्यता और नीति का बिना आलोचना समर्थन नहीं कर सकता।



## अमेरिका ने रूसी जहाज पकड़ा, इस पर 3 भारतीय थे

**मॉस्को।** अमेरिका ने बुधवार को जिस रूसी जहाज मैरिनेरा को पकड़ा था, उस पर तीन भारतीय नागरिक भी सवार थे। यह जानकारी रूसी न्यूज एजेंसी रशिया टुडे ने सूत्रों के हवाले से दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरिनेरा जहाज पर कुल 28 लोग मौजूद थे। इनमें 17 यूक्रेनी, 6 जॉर्जियाई, 3 भारतीय और 2 रूसी नागरिक थे। अमेरिका का आरोप है कि यह जहाज वेनेजुएला से तेल ले जा रहा था और उसने अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन किया। इस जहाज के पकड़े जाने के बाद रूसी सांसद एलेक्सी जुरावल्योव ने कहा राष्ट्रपति पुतिन को एटमी हथियारों से हमला करना चाहिए और अमेरिकी कोस्ट गार्ड के जहाजों को डुबा देना चाहिए।

## ईरान के 100 शहरों में महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन

# पुलिसकर्मी की हत्या, अब तक 45 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान

ईरान में महंगाई के खिलाफ 13 दिनों से चल रहे प्रदर्शन के बीच गुरुवार रात को हालात और खराब हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में 100 से ज्यादा शहरों में प्रदर्शन फैल चुका है।

प्रदर्शनकारियों ने सड़कें ब्लॉक कीं, आग लगाई। लोगों खामेनेई को मौत और इस्लामिक रिपब्लिक का अंत हुआ जैसे नारे लगाए। कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारी क्राउन प्रिंस रजा पहलवी के समर्थन में रहे। उन्होंने 'यह आखिरी लड़ाई है, शाह पहलवी लौटेंगे' के नारे लगाए।

अमेरिकी ह्यूमन राइट एजेंसी के मुताबिक, प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में अब तक 45 लोग मारे गए हैं, जिनमें 8 बच्चे शामिल हैं। एक पुलिस अधिकारी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। जबकि 2,270 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल देशभर में इंटरनेट और फोन सेवाएं बंद कर दी गई हैं। वही, तेहरान एयरपोर्ट को भी बंद कर दिया गया है और सेना को अलर्ट पर रखा गया है। तेहरान में बाजार बंद रहे, छात्रों ने यूनिवर्सिटी कैंपस पर कब्जा किया। इसके तुरंत बाद सरकार ने पूरे देश में इंटरनेट और फोन लाइनें काट दीं, जिसे इंटरनेट वॉचडॉग नेटब्लॉक्स ने हिंसक दमन की तैयारी बताया। फिर भी कुछ लोग स्टारलिंक जैसे तरीकों से वीडियो पोस्ट कर रहे हैं।





**तेहरान एयरपोर्ट, इंटरनेट-फोन सर्विस बंद**

- प्रदर्शन और तेज हो गए जब निर्वासित प्रिंस रजा पहलवी ने गुरुवार को लोगों से सड़कों पर उतरने की अपील की। रजा पहलवी ईरान के आखिरी शाह मोहम्मद रजा पहलवी के बेटे हैं। उनके पिता 1979 की इस्लामिक क्रांति के दौरान सत्ता से हटाए गए थे। युवराज पहलवी अभी अमेरिका में रह रहे हैं।
- पहलवी ने लिखा, मैं राष्ट्रपति ट्रम्प की तारीफ करता हूं। आजाद दुनिया के नेता के तौर पर, उन्होंने एक बार फिर सरकार को जवाबदेह ठहराने की जरूरत पर जोर दिया है। अब समय आ गया है कि दूसरे लोग उनके नक्शे कदम पर चलें, अपनी चुप्पी तोड़ें, और मजबूती से ईरानी लोगों के समर्थन में कार्रवाई करें।

## मप्र में कोहरे के चलते 12 ट्रेनें लेट, बिहार में सर्दी से 1000 बच्चे बीमार, 3 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के 17 जिलों में शुक्रवार को कोहरा छाया रहा। इस वजह से दिल्ली से भोपाल, इंदौर-उज्जैन आने वाली एक दर्जन ट्रेनें लेट हैं। छतरपुर का खजुराहो सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 3.2 डिग्री दर्ज किया गया। रीवा में 4.1 डिग्री, दतिया में 4.2 डिग्री, नौगांव-शिवपुरी में 5 डिग्री, उमरिया में 5.4 डिग्री और पचमढ़ी में 5.8 डिग्री रहा।

बिहार के पटना में सर्दी के कारण 7 दिनों में 1000 से ज्यादा बच्चे बीमार होकर अस्पताल पहुंचे, जिनमें से 3 की मौत हो गई। 15 जिलों का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया। गयाजी शहर सबसे ठंड रहा, जहां टेंपरेचर 4.5 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में पाला गिरने से ठंड बढ़ गई है, जिससे चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ में पानी की पाइपलाइन जम गई है।

## अमेरिका में 43 साल की महिला ने नाबालिग लड़के से यौन संबंध बनाए

**फ्लोरिडा।** अमेरिका के फ्लोरिडा में एक 43 साल की महिला को एक 16 साल के लड़के के साथ यौन संबंध बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह उस लड़के के परिवार को पहले से जानती थी। यह पूरा मामला पिछले महीने दिसंबर में शुरू हुआ था। जब लड़के की मां ने उसके मोबाइल पर कुछ वीडियो देखे, तब उन्होंने तुरंत महिला को पहचान लिया। पुलिस ने जांच की तो कई वीडियो मिले जिनमें महिला का चेहरा बिल्कुल साफ दिखाई दे रहा था।

## महाराष्ट्र में फिलिस्तीन के समर्थन में 4 करोड़ का चंदा जुटाया, चार पर एफआईआर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीड

महाराष्ट्र के बीड जिले में चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी से 4 करोड़ रुपए से ज्यादा इकट्ठा करने का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने दावा किया था कि यह पैसा इजराइल के साथ युद्ध के बीच फिलिस्तीन को सपोर्ट करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

स्थानीय पुलिस और उसकी आतंकवाद विरोधी यूनिट को संदिग्ध टेरर फंडिंग के बारे में जानकारी मिली थी। माजलगांव के पातरुड गांव में तलाशी ली गई। यह पैसा एक ऐसे ट्रस्ट के बैंक अकाउंट में इकट्ठा किया गया था जो चैरिटी कमिश्नर के पास रजिस्टर्ड नहीं था। इससे फंड इकट्ठा करना अवैध हो जाता है। उन्होंने बताया कि माजलगांव ग्रामीण पुलिस ने चारों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया है, जिनमें से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## गाजियाबाद में थूक कर रोटी सेंकने का वीडियो




ब्रह्मास्त्र ▸▸ गाजियाबाद

गाजियाबाद से थूक कर रोटी सेंकने का मामला सामने आया है। यहां चिकन प्वाइंट रेस्टोरेंट में एक कारीगर पहले रोटियां पर थूकता है। फिर उसे पकने के लिए तंदूर भट्टी में डालता है। इन्हीं रोटियों को ग्राहकों को परोसा जा रहा था। इस होटल में 8 कर्मचारी काम करते हैं और रोजाना करीब 500 लोग खाना खाते हैं। शुक्रवार शाम को हर्ष चौधरी नाम का युवक अपने दोस्तों के साथ रेस्टोरेंट में खाना खाने पहुंचा था। इसी दौरान उसने देखा कि कारीगर रोटी सेंकते समय उस पर थूक रहा है। हर्ष ने तुरंत इसका वीडियो बना लिया। वीडियो सामने आने के बाद रेस्टोरेंट में मौजूद ग्राहकों ने खाना खाने से मना कर दिया और विरोध करते हुए हंगामा करने लगे। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हर्ष चौधरी ने पुलिस को वीडियो दिखाया। वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपी कारीगर जावेद को हिरासत में ले लिया है।

## बरेली में बाप-बेटे समेत 5 की मौत

### 2 हादसे हुए, शव निकालने के लिए जेसीबी बुलानी पड़ी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बरेली

बरेली में गुरुवार सुबह घने कोहरे के कारण 2 सड़क हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई। पहला हादसा बहेड़ी के नैनीताल हाईवे पर हुआ। जहां एक बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार पिता और उनके दो मासूम बेटों को कुचल दिया। हादसे में तीनों की मौत हो गई।

वहीं, दूसरा हादसा हाफिजगंज में पीलीभीत हाईवे पर हुआ। जहां ट्रक ई-रिक्शा को टक्कर मारकर रौंदते हुए निकल गया। ई-रिक्शा में सवार 2 मिस्त्रियों की मौत हो गई। ट्रक ने उन्हें इतनी बुरी तरह रौंदा कि शवों को निकालने के लिए जेसीबी की मदद लेनी पड़ी।



## खबर एक नजर...

### आज मथुरा देवी वट स्मृति सम्मान समारोह, प्रतिभाओं को करेंगे सम्मानित

**उज्जैन।** आज 9 जनवरी को वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती मथुरादेवी वट स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस नवदश सम्मान समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में संलग्न प्रतिभाओं को तो सम्मानित किया ही जाएगा वहीं सांस्कृतिक और सांगीतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएगी। आयोजक मन्वन्तर संस्था के हरिशंकर वट ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम कल शुक्रवार को शाम पांच बजे से पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभागार देवास रोड उज्जैन में होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों का भी उद्बोधन होगा वहीं हीलिंग मेडिटेशन भी किया जाएगा। आयोजन में साहित्यकारों, गणमान्य नागरिकों और कला प्रेमियों से उपस्थित होने का अनुरोध आयोजकों ने किया है।

### किराना दुकान संचालक पर पाइप से हमला

**उज्जैन।** महिदपुर में किराना दुकान संचालक बनेसिंह पिता प्रहलाद सिंह भाटी पर गांव के ही रहने वाले गोपाल प्रजापति और बद्रीलाल ने लोहे के पाइप से उसे वक्त हमला किया जब वह रात में अपनी दुकान बंद कर घर ग्राम सेमलिया लौट रहा था। घायल बनेसिंह ने बताया कि हमला करने वाले दोनों आरोपियों की कुछ दिन पहले अज्ञात व्यक्ति द्वारा टापरी में आग लगाई गई थी। इसी बात की दोनों उसे पर शंका कर रहे थे। महिदपुर पुलिस ने दोनों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है दोनों हमला करने के बाद गांव से भाग निकले है।

### जयसिंहपुरा मार्ग विस्तारीकरण कार्य देखने पहुंचीं निगम अध्यक्ष यादव

**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम द्वारा रविशंकर नगर से होते हुए जयसिंहपुरा, लालपुल तक सड़क विस्तारीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिसका निरीक्षण बुधवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा अपर आयुक्त पवनकुमार सिंह एवं अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि विजय चौधरी के साथ किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम अध्यक्ष द्वारा क्षेत्र के रहवासियों से चर्चा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि चौड़ीकरण के दौरान रहवासियों को पेयजल, सफाई एवं पथ प्रकाश व्यवस्था जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े, ऐसी व्यवस्था निर्धारित की जाए।

### नीति आयोग के अफसर मंडी पहुंचे, भावांतर भुगतान योजना को लेकर किसानों से चर्चा

**उज्जैन।** नीति आयोग की तीन सदस्यीय टीम ने गुरुवार को कृषि उपज मंडी में सोयाबीन भावांतर योजना का एक दिवसीय अध्ययन किया। टीम में डीएमईओ की अधिकारी मेघा कपूर, रेनू अग्रवाल और प्रियंका उदय शामिल रहीं। सुबह से शाम तक मंडी परिसर में अधिकारियों की मौजूदगी रही। अलग-अलग विभागों के साथ मैराथन बैठकें हुईं। अध्ययन दल ने किसानों, व्यापारियों और प्लांट संचालकों से अलग-अलग चर्चा की। किसानों के समूह में भारतीय किसान संघ के बहादुरसिंह आंजना, उपाध्यक्ष शिवचरण शर्मा, ईश्वर सिंह सहित 15 किसान शामिल हुए। प्लांट संचालकों में अवि एग्रो और स्काईलार्क के अधिकारी मौजूद रहे। कृषि विभाग के उपसंचालक यूएस तोमर ने उज्जैन जिले में सोयाबीन उत्पादन और भावांतर योजना की जानकारी दी। मंडी बोर्ड के संयुक्त संचालक एमएस मुनिया और मंडी सचिव राजेश गोयल ने भी विचार साझा किए। व्यापारी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, अनिल गर्ग, हजारीलाल मालवीय, अशोक तल्लेरा, राजेंद्र राठौड़ सहित 12 व्यापारी भी बैठक में शामिल हुए। अध्ययन दल ने अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी और मंडी के भारसाधक अधिकारी अत्येंद्र सिंह गुर्जर से भी चर्चा की। मंडी संचालन और भावांतर योजना की जानकारी ली। अधिकारियों ने मंडी नीलामी स्थल पर जाकर ट्रॉली में मौजूद किसानों से सीधी बातचीत की। योजना की जमीनी हकीकत जानी।

### नववर्ष पर उमड़ी भीड़, 500 क्विंटल लड्डू प्रसाद बिका

# 12 दिनों में महाकाल पहुंचे 29 लाख से अधिक श्रद्धालु

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में नववर्ष और वर्ष के अंत में श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड भीड़ दर्ज की गई। 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक, कुल 12 दिनों की अवधि में, लगभग 29 लाख 10 हजार भक्तों ने बाबा महाकाल के दर्शन किए।

श्रद्धालुओं की यह संख्या 25 दिसंबर, क्रिसमस के दिन से बढ़नी शुरू हुई, जब 2 लाख 57 हजार से अधिक भक्त मंदिर पहुंचे। इसके बाद 26 से 31 दिसंबर तक प्रतिदिन औसतन डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए आते रहे। 31 दिसंबर को 1 लाख 53 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने महाकाल के दर्शन किए।



### नए साल पर पहुंचे सबसे ज्यादा भक्त

नववर्ष के पहले दिन, 1 जनवरी को सर्वाधिक भीड़ दर्ज की गई, जब 6 लाख 12 हजार 879 श्रद्धालु महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। यह 12 दिवसीय अवधि का सबसे बड़ा आंकड़ा था। इस दिन मंदिर परिसर, महाकाल लोक और आसपास के मार्गों पर भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इसके बाद भी भीड़ का सिलसिला जारी रहा। 2 जनवरी को 2 लाख 73 हजार, 3 जनवरी को 2 लाख 19 हजार, 4 जनवरी को 2 लाख 46 हजार और 5 जनवरी को 2 लाख 14 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

### 30 लाख से अधिक श्रृद्धालुओं ने किए दर्शन

श्रद्धालुओं की भारी संख्या के मद्देनजर, मंदिर प्रशासन, जिला प्रशासन और पुलिस ने व्यापक व्यवस्थाएं की थीं। भस्म आरती से लेकर सामान्य दर्शन तक सुरक्षा, कतार प्रबंधन, जल आपूर्ति और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार, 25 दिसंबर से 5 जनवरी के बीच लगभग 30 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवधि में करीब 500 क्विंटल लड्डू प्रसाद बिका। प्रशासन ने 31 दिसंबर और 1 जनवरी को लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया था, जो लगभग सटीक रहा। नववर्ष की सफल व्यवस्थाओं के बाद, प्रशासन ने अब महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिसमें भी इसी तरह की भारी भीड़ की संभावना है।

# बांग्लादेश सरकार का पुतला जलाया

### भारतीय पर हमले के विरोध में श्री बजरंग सेवा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बांग्लादेश में भारतीय पर हो रहे हमले के विरोध में बांग्लादेश सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए गुरुवार को श्री बजरंग सेना के द्वारा टॉवर चौक फ्रीगंज पर बांग्लादेशी सरकार का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

उज्जैन में बजरंग सेना ने बांग्लादेश में भारतीय पर हमले के विरोध में बांग्लादेश सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए टावर चौक पर प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेशी सरकार का पुतला दहन किया।

इस दौरान कार्यकर्ता ने बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ता ने दुर्गा पूजा के दौरान मंदिरों की सुरक्षा के लिए सेना को तैनाती हिंदुओं पर हो रहे हमले को लेकर बांग्लादेश सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल उपाय करने की मांग की।

श्री बजरंग सेना द्वारा प्रदर्शन के दौरान सर्व हिंदू समाज उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री मोहित विश्वकर्मा के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा, हिंदूवादी नेता अर्जुन सोलंकी, जिला मंत्री नीरज सिसौदिया, नगर अध्यक्ष उमेश, जगदीश प्रजापत, आनंद सोनी, शुभम मालवीय, जीवन परमार, बंटी राउत, कुंदन मालवीय, सुधीर सोलंकी, रविन्द्र परमार, विजय परमार, वैभव शर्मा, कमल चौहान, विशाल मालवीय, मीडिया प्रभारी धीरज सिसोदिया भी उपस्थित रहे।

# एसआईआर : अब तक 25971 को जारी किए नोटिस



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

एसआईआर में मैपिंग नहीं करवा पाए जिले के 48 हजार 35 मतदाताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई के बाद मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का एक और अवसर दिया जा रहा है। अब तक 25 हजार 971 मतदाताओं को नोटिस जारी कर जिले की सभी विधानसभाओं में सुनवाई भी शुरू की जा चुकी है।

गुरुवार तक इनमें से 3175 मतदाता सुनवाई के लिए पहुंचे थे। इनमें से 3088 के दस्तावेज बीएलओ द्वारा अपलोड भी किए जा चुके हैं। सर्वाधिक 26 हजार 66 नोटिस उज्जैन दक्षिण विधानसभा में जारी होना है। जिले की सभी विधानसभाओं में 15 लाख 96 हजार 103 मतदाताओं की मैपिंग का लक्ष्य था। इनमें से 48 हजार 35 मतदाताओं नाम किन्हीं कारणों के चलते मैपिंग नहीं हुए। लिहाजा इन्हें मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का एक और अवसर दिया जा रहा है। इन्हें निर्वाचन कार्यालय की तरफ से नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नोटिस में दी तिथि पर मय दस्तावेज के आरओ (एसडीएम) या एईआरओ (तहसीलदार व नायब तहसीलदार) के समक्ष सुनवाई के लिए पहुंचना है।

इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद ही नाम 21 फरवरी को आने वाली अपडेट मतदाता सूची में जुड़ पाएगा। सभी विधानसभाओं में सुनवाई शुरू हो चुकी है, जो 14 फरवरी तक चलेगी। एक दिन में 50-50 मतदाताओं को सुनवाई का अवसर दिया जा रहा है। खास बात यह कि सुनवाई और दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए भी किसी भी मतदाता को अधिकतम तीन बार का समय दिया जाएगा, इसके बाद अवसर नहीं मिलेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि जिले में सुनवाई शुरू हो चुकी है। बचे हुए मतदाताओं को जल्द ही नोटिस जारी होंगे।

# उज्जैन के तालाबों में 67 पक्षी प्रजातियां मिलीं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

श्री महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन में विदेशी पक्षियों का जमावड़ा लगा हुआ है। एशियन वॉटरबर्ड सेंसस (एडब्यूसी) 2026 के तहत जिले के तालाबों और जलाशयों में किए गए सर्वेक्षण में कुल 67 पक्षी प्रजातियां दर्ज की गई हैं।

इसे उज्जैन की जैव विविधता के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। जिला वनमंडलाधिकारी अनुराग तिवारी ने बताया कि यह उज्जैन के जैव विविधता इतिहास में एक अहम घटना है।

**एशियन वॉटरबर्ड सेंसस- 2026 में विदेशी परिंदों का बसेरा दर्ज**



यह सर्वेक्षण 3 और 4 जनवरी को जिले के विभिन्न जलस्त्रोतों पर किया गया। इसमें देसी के साथ-साथ प्रवासी पक्षियों की उल्लेखनीय उपस्थिति सामने आई है।

सर्वेक्षण 17 बर्ड वॉचर्स की एक टीम द्वारा किया गया। टीम ने उंडासा तालाब, सिलारखेड़ी तालाब, उज्जैन रोड क्षेत्र, गोगापुर क्षेत्र और पुरुषोत्तम सागर तालाब सहित कई प्रमुख जलाशयों और तालाबों में पक्षियों की गणना की।



इन सभी जलस्त्रोतों पर पक्षियों की विविध प्रजातियां देखी गईं, जो क्षेत्र के अनुकूल पर्यावरण और जल उपलब्धता को दर्शाती हैं। सर्वे के दौरान ब्लैक-विंग्ड स्टिल्ट, लेसर व्हिस्लिंग डक, इंडियन स्पॉट-बिल्ड डक, सारस क्रेन, नॉर्दर्न शोवेलर, यूरेशियन कूट, कॉमन और वुड सैंडपाइपर, व्हाइट और ग्रे वैगटेल, सिट्रीन वैगटेल, लिटिल रिंग्ड प्लोवर, साइबेरियन स्टोनचैट, पाइड बुशचैट और मोरहेन जैसी प्रमुख प्रजातियां दर्ज की गईं।

उज्जैन
शुक्रवार
09
जनवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

आतुरे व्यसने प्राप्ते दुर्भिक्षे शत्रुसण्कटे।
राजद्वारे श्मशाने च यात्तिष्ठति स बान्धवः॥

**अर्थः** जब कोई बीमार होने पर, असमय शत्रु से घिर जाने पर, राजकार्य में सहायक रूप में तथा मृत्यु पर श्मशान भूमि में ले जाने वाला व्यक्ति सच्चा मित्र और बन्धु है।

## खबर एक नजर...

### चुनौतीःभागीरथपुरा में 17 लीकेज, लाइन बदलने में लगेंगे करीब दो महीने

**इंदौर।** भागीरथपुरा क्षेत्र में निगम की जांच में कुल 17 स्थानों पर पानी की लाइनों में लीकेज सामने आए हैं। दावा है कि सभी लीकेज बंद कर दिए हैं। निगम प्रशासन मान रहा है कि भागीरथपुरा में लोगों को स्थायी राहत मिलने में कम से कम दो महीने लगेंगे। यहां पानी की पूरी लाइन ही बदलनी पड़ेगी। यहां 7 से 8 किमी की लाइनों को बदलना जाना है। ड्रेनेज के साथ पानी की लाइन बदलने का काम भी चल रहा है। निगम के अनुसार, भागीरथपुरा में करीब 8.2 किमी लंबा सीवर और पानी की लाइनों का जाल बिछा है। इसमें से 7 से 8 किमी लाइन पूरी तरह बदलनी होगी। पिछली बार करीब 5 किमी लाइन बदली गई थी। फिलहाल दो स्थानों पर लाइन डिसकनेक्ट कर नई लाइन डालने की तैयारी है, लेकिन वहां ड्रेनेज शाखा ने खुदाई कर रखी है। ड्रेनेज का काम पूरा होने के बाद ही राफेली कंपनी काम शुरू करेगी। 24 दिसंबर को 50 सैंपल लिए थे, इनमें से 26 सैंपल फेल पाए गए थे। दोबारा 26 नए सैंपल लिए, इनमें से 3 फेल हुए। वर्ष 2000 में बनी दो लाख लीटर क्षमता वाली संपवेल का उपयोग ही नहीं किया। यह बोरिंग के पानी के क्लोरीनेशन के लिए बनाई गई थी। पहले एक टंकी पर दो इंजीनियर थे, अब चार-पांच टंकी एक इंजीनियर के भरोसे है। क्लोरीन टेस्ट बंद है। यह रिकॉर्ड नहीं है कि कहां पानी दूषित हुआ। केमिस्ट के चारों पद खाली हैं, भर्ती प्रस्ताव अब भेजेंगे।

### 463 घरों में संक्रमण, अधिकतर रिपीट केस यहीं से आ रहे

**इंदौर।** भागीरथपुरा क्षेत्र में 36 घंटे में 5 हजार से ज्यादा घरों की जांच की गई है। 463 घरों में कम से कम एक संक्रमित मिला है। कुछ घरों में एक से अधिक संक्रमित मिले। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस दौरान 25 हजार 100 लोगों से बात की। सर्वे में साफ हुआ कि संक्रमण किसी एक गली या क्लस्टर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरा भागीरथपुरा प्रभावित रहा। सर्विलांस टीम का कहना है अब नए केस की संख्या में लगातार कमी देखी जा रही है। सभी केस की जिओ मैपिंग की गई, जिससे स्पष्ट हुआ कि केस पूरे क्षेत्र में फैले हुए हैं, न कि किसी एक जगह केंद्रित। नेशनल हेल्थ मिशन के स्टेट सर्विलांस ऑफिसर डॉ. अश्विन भागवत ने बताया कि कई मरीज इलाज के बाद ठीक हो चुके हैं, जबकि कुछ का इलाज जारी है। जिओ मैपिंग के जरिए मरीजों की पहचान की गई। हर घर में ओआरएस और जिंक टैबलेट की किट पहुंचाई गई और पॉइंट ऑफ यूज क्लोरिनेशन के लिए क्लोरिन की दवाएं भी दी गईं।

### महिलाओं के लिए इंदौर देश का 22वां सबसे बेहतर शहर

**इंदौर।** महिला सुरक्षा और करियर के बेहतर अवसरों के मामले में देश के सर्वश्रेष्ठ 125 शहरों की सूची में इंदौर को 22वां स्थान मिला है। अवतार ग्रुप के टॉप सिटीज फॉर वीमेन इन इंडिया-2025 सर्वे में मध्य प्रदेश से 7 शहर शामिल हुए, जिनमें इंदौर सबसे आगे रहा। इंदौर की रैंकिंग में लगातार सुधार हुआ है। 2022 में 58वें, 2023 में 50वें, 2024 में 48वें और 2025 में 22वें स्थान पर पहुंचा है। मप्र से भोपाल 57वें, उज्जैन 59वें, जबलपुर 72वें, ग्वालियर 81वें, सागर 108वें और सतना 114वें स्थान पर रहे। सर्वे में रैंकिंग सोशल इन्क्लूजन और इंडस्ट्रियल इन्क्लूजन पैमानों पर तय की गई। सामाजिक भागीदारी में रहने योग्य माहौल, महिला सुरक्षा, रोजगार में भागीदारी और सशक्तीकरण को परखा गया, जबकि औद्योगिक भागीदारी में महिलाओं की हिस्सेदारी और सुविधाएं देखी गईं। औद्योगिक भागीदारी में इंदौर 14वें पर है, लेकिन सामाजिक भागीदारी में 50वें स्थान पर रहा, जिससे ओवरऑल रैंक प्रभावित हुई। दोनों स्कोर का औसत 21.66 अंक रहा।

### इंदौर नगर निगम करा रहा मुनादी- पानी उबालकर, छानकर पिएं, कलेक्टर पर बरसे जीतू पटवारी

# जहरीले पानी से बीमार 10 मरीज अब भी आईसीयू में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा में दूषित पानी का खौफ अभी भी बरकरार है। इस दूषित पानी के कारण 20 लोग दुनिया को छोड़कर चले गए। सैकड़ों लोग अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं। गुरुवार को आईसीयू में 10 मरीज भर्ती हैं, जिनका इलाज चल रहा है। दूषित पानी को लेकर नगर निगम की गाड़ियां लगातार मुनादी कर रही है कि पानी को छानकर, उबालकर इस्तेमाल करें। वहीं कई लोगों की स्थिति को देखते हुए इलाके में राशन सामग्री बांटी गई।

29 दिसंबर को मामला सामने आने के बाद से भागीरथपुरा में डर का माहौल बना हुआ है। लोग बोरिंग, आरओ का पानी भी उबालकर और छानकर इस्तेमाल कर रहे हैं। इलाके में ड्रेनेज लाइन का काम चल रहा है। इसका असर यहां के व्यापार पर भी पड़ा है। अब तक अस्पतालों में कुल 446 मरीज भर्ती हो चुके हैं। 50 अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं सांवेर में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर कलेक्टर के आरएसएस कार्यालय जाने को लेकर निशाना साधा है।



गुरुवार को मलेरिया विभाग की टीम ने भागीरथपुरा का दौरा किया। टीम ने देखा कि कहीं भी बहुत दिनों से पानी तो इकट्?ठा नहीं है, उसमें मच्छर तो नहीं पनप रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं मिला। टीम ने रहवासियों को समझाइश दी कि वह पीने का पानी बहुत दिनों तक इकट्ठा करके नहीं रखें और उसे ढंक कर रखें। पानी में गंदगी ना हो, इसका ध्यान रखें। इधर, नगर निगम की गाड़ियों से लगातार इलाके में मुनादी कराई जा रही है।

वहीं दूसरी ओर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर एक विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत सरकारी बोरवेल की जिओ ट्रैकिंग एवं क्लोरिनेशन कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करने को कहा गया है। 2250 से अधिक सरकारी बोरवेल की जिओ ट्रैकिंग भी पूरी की गई, जिससे भविष्य में जल स्रोतों की सटीक निगरानी एवं प्रबंधन संभव हो सकेगा। इस अभियान के दौरान जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 50 से अधिक अपशिष्ट क्लोरीन (रेजिडुअल क्लोरीन) के नमूनों के सैंपल लिए गए। इंदौर कलेक्टर के आरएसएस कार्यालय जाने को लेकर सांवेर में जीतू पटवारी ने निशाना साधा है। पटवारी ने कहा कि कलेक्टर साहब! आपसे आग्रह है कि अगर आप राजनीतिक दलों के दफ्तरों में जाकर अपनी ड्यूटी करेंगे तो याद रखना कि कांग्रेस का कार्यकर्ता आपके काम करने की शैली को ठीक करना जानता है। आप भाजपा कार्यकर्ता के तौर पर कार्यालय कैसे जा सकते हैं? पटवारी ने आगे कहा कि यदि प्रशासन को चर्चा करनी है तो उन्हें मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारियों या संबंधित मंत्रियों से मिलना चाहिए, न कि किसी राजनीतिक या वैचारिक संगठन के कार्यालय में जाकर हाजिरी देनी चाहिए।

### सुबह से शुरू हुआ राशन बांटने का सिलसिला

- गुरुवार को आकाश विजयवर्गीय ने महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज, विधायक रमेश मेंदोला की उपस्थिति में भागीरथपुरा में घर-घर राशन सामग्री बांटी और जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए जनजागरण अभियान शुरू किया।
- गाड़ियों में राशन रखकर लोगों के घरों तक इसकी किट पहुंचाई जा रही है। इसमें यह बात भी निकलकर सामने आई है कि जिन घरों में किराएदार रह रहे हैं, उन्हें भी राशन किट उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही जिस घर में दो परिवार यानी दो भाइयों के परिवार हैं, उन्हें भी अलग-अलग राशन किट दी जा रही है। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आकाश विजयवर्गीय कह रहे हैं कि अग्रवाल समाज के एक बड़े व्यापारी के सहयोग से टीम ने राशन की व्यवस्था की है। इस राशन किट में आटा, दाल-चावल, मसाले, तेल आदि सामान हैं।

### वो 3 दिन रहे सबसे खतरनाक...

# बदबूदार पानी पीते रहे लोग

### भागीरथपुरा में इन तीन दिनों ने छीनी जिंदगियां, अब 50 मरीज भर्ती हैं, अब तक 20 मौतें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी ने जो तबाही मचाई, उसकी टीस अब भी लोगों के चेहरों पर साफ दिखती है। हालांकि हालात धीरे-धीरे काबू में आ रहे हैं, लेकिन बीते कुछ दिनों का दर्द अब भी जिंदा है। एक समय 446 से अधिक लोग अस्पतालों में भर्ती थे, जो अब घटकर 50 रह गए हैं। इनमें से 10 मरीज आईसीयू में हैं, इनमें से 3 की वेंटिलेटर पर हैं। फिलहाल इलाके में टैंकरों के जरिए पानी की सप्लाई की जा रही है, जबकि कई परिवार मजबूरी में आरओ का पानी पी रहे हैं।

रहवासियों के मुताबिक 23 से 25 दिसंबर के तीन दिन सबसे भयावह



साबित हुए। इन्हीं दिनों घरों तक ऐसा पानी पहुंचा, जिसकी बदबू और स्वाद ने लोगों को सशंकित जरूर किया, लेकिन पानी देखने में साफ होने के कारण अधिकांश लोगों ने उसका उपयोग कर लिया। बाद में जब सच्चाई सामने आई, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अपनों को खोने का गम इन तीन दिनों की यादों को और भी कड़वा बना गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में पहले भी गंदा पानी आता रहा था, लेकिन 23 से 25 दिसंबर के बीच जो पानी सप्लाई हुआ, वह बिल्कुल अलग था। बाद में पता चला कि उस पानी में बेहद बारीक कीड़े मौजूद थे। इसके बाद उल्टी-दस्त की शिकायतें तेजी से बढ़ीं और कुछ ही दिनों में मौतों का सिलसिला शुरू हो गया।

बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण कई परिवार 26 और 27 दिसंबर तक वही दूषित पानी पीते रहे, जिससे हालात और ज्यादा बिगड़ गए।

29 दिसंबर तक किसी की मौत नहीं हुई थी, लेकिन डेढ़ सौ से अधिक लोग भर्ती थे।

30 दिसंबर को वर्मा अस्पताल में नंदलाल (75) की मौत हुई। डॉक्टरों ने कारण कार्डियक अरेस्ट बताया। इसके बाद यह साफ हुआ कि 29 दिसंबर से पहले भी कई मौतें हो चुकी थीं, जिनका संबंध इसी पानी से जुड़ता दिखा।

21 दिसंबर को सुमित्रा देवी की घर पर मौत हुई थी। प्रशासन ने इस मौत को अब तक इस मामले में शामिल नहीं किया है।

# डेढ़ माह के मासूम का अंगूठा कटा, नर्स सस्पेंड

### इंदौर में कैंची से टेप काटते समय लापरवाही तीन नर्सिंग इंचार्ज की वेतन रोका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज के न्यू चेस्ट वार्ड में नर्सिंग लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। यहां एडमिट डेढ़ माह के मासूम का इंट्राकेथ बदलते समय नर्सिंग ऑफिसर ने तेज और लापरवाही से कैंची चला दी, जिससे बच्चे का अंगूठा कटकर अलग हो गया और जमीन पर गिर पड़ा।

घटना बुधवार दोपहर करीब 2 बजे की है। मामला सामने आने के बाद डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने नर्सिंग ऑफिसर आरती श्रोत्रिय को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही तीन नर्सिंग इंचार्ज का एक-एक माह की वेतन रोक दिया है। हादसे के बाद नर्सिंग ऑफिसर को चक्कर आ गए। मौके पर मौजूद ड्यूटी डॉक्टर और स्टाफ ने तत्काल ड्रेसिंग कर मामले को संभालने और दबाने की कोशिश की। बच्चे को तुरंत सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल भेजा गया, जहां सर्जरी कर उसका अंगूठा जोड़ा गया। परिजनों को भरोसा दिलाया गया कि घबराने की कोई बात नहीं है। बताया गया कि 24 दिसंबर को बेटमा के बजरंगपुरा गांव निवासी अंजुबाई के डेढ़ माह के बच्चे को निमोनिया के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया था।

# भागीरथपुरा ही नहीं, शहर के हर कोने की पेयजल पाइप-लाइन में लीकेज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर की पूरी पेयजल वितरण व्यवस्था ही खतरनाक मोड पर है। अमृत-2 के लिए की गई निगम की स्टडी में ही सामने आया है कि शहर के कई इलाकों में 50 साल से ज्यादा पुरानी लाइनें हैं। कुल 3500 किमी की पेयजल पाइप लाइन में से 650 किमी की लाइन जर्जर हो चुकी है।

लाइन लॉस का 40 फीसदी हिस्सा भी शहर के भीतर हो रहा है। यानी लाइनों में लीकेज व सीपेज भी है। हद ये है कि वितरण की व्यवस्था अकुशल लोगों के पास है। नर्मदा प्रोजेक्ट के साथ पीएचई का 10 फीसदी स्टाफ ही कुशल है। पूरी व्यवस्था के लिए 32 इंजीनियरों की जरूरत है, वर्तमान में मात्र 4 इंजीनियर बचे हैं। टंकी व मैदानी स्तर पर तकनीकी स्टाफ भी 20 फीसदी ही बचा है। यह व्यवस्था भी मस्टर कर्मियों और एजेंसियों के हवाले है। अफसरों का कहना है, 15 से 17% लाइन लासेस होता है। इसमें 40% से ज्यादा नुकसान वितरण लाइनों से होता है। जाहिर है, लाइनों में लीकेज है। इन्हीं लीकेजेस से पानी को दूषित करने वाले तत्व मिलते हैं। इन क्षेत्रों में दिक्कत ज्यादा- जूनी इंदौर, जूना रिसाला, मिल क्षेत्र, जबरन कॉलोनी, आजाद नगर, मूसाखेड़ी, भागीरथपुरा, लाबरिया भेरू, चंदननगर, बाणगंगा क्षेत्र में कई जगह मिक्स सप्लाय है। आए दिन लाइन में लीकेज होते हैं। इसलिए दूषित पानी के लिए हॉट स्पॉट बनते जा रहे हैं। इस पूरी व्यवस्था में सबसे बड़ी चुनौती विभागों में समन्वय की है। नगर निगम में भी सीवरेज और नर्मदा प्रोजेक्ट अलग-अलग विभाग है। रोड, सीवरेज, पानी, ब्रिज व अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर के काम चलते रहते है। इससे भी लाइनें टूट फूट रही है।



- **पुरानी लाइनें बंद नहीं की-** कई क्षेत्रों में दोहरी लाइनें यानी नई व पुरानी दोनों लाइनों से वितरण जारी है। पुरानी लाइनों को नई से जोड़ दिया गया। पुरानी लाइनों के कनेक्शन भी नई पर शिफ्ट नहीं किए। 20 से 30 फीसदी कनेक्शन शिफ्ट नहीं हैं।
- **खाली लाइनों में लीकेज-** शहर में एक दिन छोड़ कर पानी दिया जाता है। सप्लाय के बाद 30 से 40 घंटे लाइन खाली रहती है। कई जगह लाइनों के आसपास बनी सीवरेज लाइनें हैं। लाइनों में बनने वाला वेक्यूम इनका गंदा पानी खींच लेता है।
- **नर्मदा लाइन बोरिंग से जोड़ी-** कम प्रेशर से पानी आने की शिकायत पर कई जगह जनप्रतिनिधियों ने बोरिंग कराकर उनका नर्मदा लाइन से कनेक्शन करा दिया है। कुछ स्थानों पर संपवेल बना कर वितरण हो रहा है। बोरिंग खराब होने पर नर्मदा का पानी भी दूषित हो रहा है।

## खबर एक नजर...

### सिंहस्थ क्षेत्र के चौड़ीकरण में भेदभाव नहीं किया जाए- महेश पुजारी

**उज्जैन।** सरकार द्वारा सिंहस्थ 2028 को देखते हुए कई मार्गो का चौड़ी करण किया जा रहा है जिससे सिंहस्थ में करोड़ों भक्तों को आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी, लेकिन चौड़ीकरण में अधिकारी वर्ग द्वारा भेदभाव किया जा रहा है जो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है, साथ ही यह भी विदित हुआ है कि आश्रमो और अखाड़ों के अवैध अतिक्रमण छोड़कर मंदिरों और कृषकों की जमीनो पर चौड़ीकरण के निशान लगाए जा रहें हैं जो भेदभाव की श्रेणी में आते हैं। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने इस आशय का एक पत्र मुख्यमंत्री को भेजा हैं। पत्र में मुख्यमंत्री से निवेदन किया हैं कि पुजारी महासंघ उज्जैन में हो रहे विकास के पक्ष मे हैं लेकिन सिंहस्थ क्षेत्र में साधु संतों द्वारा जो आश्रम और मठ बनाए है उसमें अधिकतर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर निर्मित किए हैं। इसकी जांच की जाए साथ सिंहस्थ क्षेत्र में मार्ग चौड़ीकरण का जो माप दंड है उसमें कुछ कमी है क्योंकि चौड़ीकरण के मापदंड अनुसार सड़क के बीचों बीच से दोनों ओर नपती की जाती है लेकिन बड़नगर रोड और रणजीत हनुमान रोड पर सिंहस्थ क्षेत्र की भूमि पर चौड़ीकरण में किसानों के साथ भेदभाव किया जा रहा है जहां अखाड़े और महामंडलेश्वर के आश्रम है उन्हें छोड़कर किसानों की अधिक भूमि की नपती की जा रही है जो अनुचित हैं ऐसा भेदभाव पूर्ण व्यवहार अधिकारियों द्वारा क्यों किया जा रहा है? यह समझ से परे है। चौड़ीकरण में एक ओर वैध भूमि कृषकों की ली जा रहें है और दुसरी ओर सरकारी भूमि जिस पर अतिक्रमण कर मठ, अखाड़े निर्मित किए गए उसे छोड़ा जा रहा हैं ऐसा नहीं होना चाहिए।

### पिकअप में क्रूरतापूर्वक भरे गये 6 गौवंश पकड़े

**मन्दसौर।** जिले के 8 लेन दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे पर अज्ञात आरोपी के द्वारा 6 गौवंश को पिकअप बोलेरो वाहन में क्रूरतापूर्वक भरकर वध हेतु परिवहन कर ले जाया जा रहा था। पुलिस को देख आरोपी वाहन चालक मौके से भाग निकला। प्राप्त जानकारी के अनुसार गरोठ थाना पुलिस ने यह कार्यवाही करते हुए वाहन नं. एमपी 45 जी 3241 को जप्त कर उसमें भरे गये 6 गौवंश को मुक्त कराया।

### भारतीय काव्य चिंतन और आचार्य राममूर्ति त्रिपाठी पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न

# विश्व साहित्य शास्त्र की पीठिका तैयार करती है आचार्य राममूर्ति त्रिपाठी की समीक्षा दृष्टि - प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा

### प्रो गीता नायक, मुकेश जोशी और पीएससी से चयनित सहायक प्राध्यापकों का सम्मान हुआ, संस्कृति संवाद पत्रिका का विमोचन किया गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में राममूर्ति त्रिपाठी जयंती महोत्सव के अंतर्गत भारतीय काव्यशास्त्र और आचार्य त्रिपाठी का अवदान पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सुधी विदुषी प्रो गीता नायक का सौप्रस्थानिक सारस्वत सम्मान, प्रेमचंद सृजन पीठ के नवनियुक्त निदेशक मुकेश जोशी के सारस्वत सम्मान के साथ पीएससी से हाल ही में चयनित सहायक प्राध्यापकों को विक्रम प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया, जो हिंदी अध्ययनशाला के शोधार्थी रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कार्यपरिषद सदस्य राजेश सिंह कुशवाह एवं वरिष्ठ आईपीएस पुलिस अधीक्षक समर वर्मा थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कुलानुशासक प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा प्रो हरिमोहन बुधौलिया, प्रो जगदीश चंद्र शर्मा एवं पूर्व निदेशक एफ एस एल श्री अरविंद नायक ने अपने विचार व्यक्त किए।

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की कार्य परिषद के सदस्य राजेश सिंह कुशवाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि आचार्य राममूर्ति त्रिपाठी जी आदर्श गुरु के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने अनेक पीढ़ियों के शिष्यों को तैयार किया। उनकी विशेषता थी कि उन्होंने विद्यार्थियों को इतना योग्य बनाया कि वे स्वयं उच्च स्थान पर पहुंच पाए।

कुलानुशासक प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा ने कहा कि आचार्य राममूर्ति त्रिपाठी की समीक्षा विश्व साहित्यशास्त्र की पीठिका तैयार करती है, जिससे सभी देशों के साहित्य की आलोचना सम्भव है। उन्होंने साहित्य के अपरिवर्तनीय तत्व अनुभूति पर बल दिया। उनका काव्य दर्शन भारतीय चिंतन की ठोस आधार भूमि पर आधारित है। उन्होंने सर्जक और आलोचकों को आत्महीनता से मुक्त करने का प्रयास किया। उन्होंने रस, शब्द शक्ति और ध्वनि जैसे महत्त्वपूर्ण काव्य प्रतिमानों को सतही तौर पर लेने वाले आलोचकों की अधूरी समझ और सीमाओं का प्रतिरोध किया। काव्य के रसात्मक प्रतिमान को वे सर्वोपरि महत्व देते हैं। स्वागत भाषण में प्रो. जगदीशचंद्र शर्मा ने सभी का स्वागत कर आचार्य राममूर्ति त्रिपाठी को स्मरण किया। साथ ही प्रो नायक से जुड़े कई संस्मरण सुनाए एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की सम्मानित सारस्वत अतिथि प्रो. गीता नायक ने अपने उद्बोधन में हिंदी अध्ययनशाला को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं आचार्य राममूर्ति त्रिपाठी और अपने कार्यकाल के चार दशकों की यात्रा के कई संस्मरण सुनाए। प्रेमचंद सृजन पीठ के नवनियुक्त निदेशक एवं प्रसिद्ध व्यंग्यकार मुकेश जोशी ने माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और राजेश कुशवाह को आभार ज्ञापित किया। उन्होंने विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया। पूर्व निदेशक एफ एस एल अधिकारी श्री अरविंद नायक ने अपने उद्बोधन में हिंदी विभाग को धन्यवाद दिया। उन्होंने उत्कृष्ट समारोह आयोजित करने के लिए साथ ही आचार्य राममूर्ति से जुड़े प्रसंगों को याद किया।

डॉ. हरिमोहन बुधौलिया ने प्रो मैडम को शुभकामनाएं प्रेषित की और आचार्य राममूर्ति त्रिपाठी सम्मान एवं सम्मान राशि से मैडम नायक को अलंकृत किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा डॉ राजेश रावल द्वारा संस्कृति संवाद पत्रिका का विमोचन किया गया। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की हिंदी अध्ययनशाला, ललितकला अध्ययनशाला एवं जनसंचार और पत्रकारिता जनसंचार के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रो नायक के सम्मान पत्र का वाचन प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ विदुषी डॉ. उर्मी शर्मा, डॉ. विभा द्विवेदी, मालवी के कवि राजेश रावल, अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. अंजना पाण्डेय, अमिताभ त्रिपाठी, पद्मनाभ त्रिपाठी, डॉ. रमण सोलंकी, दिनेश दिग्गज, सुरेंद्र सर्किट और प्रो नायक के परिवारजन साथ ही बड़ी संख्या में साहित्यकार, शोधार्थी, विद्यार्थी उपस्थित हुए।

## श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान अनवरत जारी

### सिद्धों की आराधना स्वरूप 32 अर्ध चढ़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित हो रहे श्री सिद्धचक्र मंडल विधान का भव्य भक्ति भाव से प्रारंभ हुआ।

उक्त जानकारी देते हुवे आयोजन समिति ने बताया कि श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर विनोद मिल में चल रहे आठ दिवसीय विधान में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आज्ञानुवृति आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम शिष्य पूज्य मुनिश्री 108 निर्णय सागर जी महाराज, मुनि श्री श्रमण सागरजी महाराज एवं मुनि श्री ओंकार सागरजी महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हो रहा हे। अनुष्ठान के तीसरे दिन विशाल सिद्धपद आराधना मंडप में सिद्धों की भक्ति स्वरूप 32 अर्ध चढ़े।

इसी पावन कड़ी में सभी इंद्र इंद्राणी के साथ शांतिधारा का सौभाग्य नरेंद्र कुमार प्रसन्न कुमार बिलाला एवं हीरालाल बिलाला को प्राप्त हुआ

इस अवसर पर प्रवचन में पूज्य मुनि निर्णय सागर जी महाराज ने कहा कि सिद्ध बनाना हे तो सिद्धों की आराधना करनी होगी और जब हम सिद्धों की आराधना करेंगे तो निश्चि सिद्धालय में विराजमान होंगे आज के विशेष दिवस में विधायक महेश परमार एवं नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने भी दर्शन कर अर्घ्य समर्पित किया। उल्लेखनीय है कि ब्रम्हचारी तरुण भैया जी के निर्देशन में होने वाले उक्त विधान महोत्सव में रात्रिकालीन महा आरती का लाभ तरुण जैन को प्राप्त हुआ तथा वात्सल्य भोज परोसने का लाभ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप आदिनाथ को प्राप्त हुआ।

### उज्जैन में हुई आईसीएआई की करियर काउंसलर मीट

## करियर काउंसलरों का मार्गदर्शन करते हुए साझा की करियर काउंसलिंग के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दि इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की करियर काउंसलिंग कमेटी द्वारा करियर काउंसलर मीट का आयोजन किया गया, जिसकी मेजबानी उज्जैन शाखा द्वारा की गई।

उज्जैन शाखा के अध्यक्ष सीए आकृत जैन ने बताया कि करियर काउंसलिंग कमेटी का मुख्य उद्देश्य भारत में वाणिज्य शिक्षा को प्रोत्साहित करना है, जिसमें विशेष रूप से चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) पाठ्यक्रम पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इसके अंतर्गत माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक, स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य सभी संबंधित हितधारकों को मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।




इस अवसर पर आयोजित सेमिनार में करियर काउंसलिंग कमेटी के चेयरमैन सीए दुर्गेश काबरा (सीसीएम) एवं वाइस चेयरमैन सीए पंकज शाह (सीसीएम) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में चित्तौड़गढ़ से पधारे सीए गौरव जगेटिया एवं सीए श्रेयस धारकर ने उपस्थित सभी करियर काउंसलरों का मार्गदर्शन किया तथा करियर काउंसलिंग के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत सीए आशीष तोतला एवं सीए अनिश चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीए जया पाडियार ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सीए मनीष राठी एवं सीए आतुश जैन ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में करियर काउंसलरों की उपस्थिति रही तथा यह आयोजन अत्यंत सफल एवं उपयोगी सिद्ध हुआ।

## श्री योगी बाबा बमबम नाथ सेवा समिति का चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम 13 जनवरी से

### कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र का हुआ विमोचन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गढ़कालिका रोड स्थित दादा गुरु पीर मत्स्येन्द्रनाथ जी की समाधि पर श्री योगी बाबा बमबम नाथ सेवा समिति द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल भंडारा एवं महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां समिति द्वारा प्रारंभ कर दी गई हैं। कार्यक्रम के संयोजक धर्मेंद्र जोशी एवं गब्बर बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन से पूर्व आमंत्रण पत्र का विमोचन सोमवारनाथ जी महाराज के करकमलों से विमोचन किया गया। इसके पश्चात समिति सदस्य साधु-संतों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों को घर-घर जाकर कार्यक्रम का आमंत्रण देंगे।1008 तपस्वी श्री योगी बाबा बमबम नाथ जी महाराज प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं को भोजन कराकर सेवा भाव का संदेश देते थे। उन्हीं की पावन परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए मकर संक्रांति के अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारा, महायज्ञ, चल समारोह एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत मंगलवार 13 जनवरी को शाम 5:00 बजे महायज्ञ के साथ होगी। आयोजन में देशभर से साधु-संत, नागा बाबा एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। बुधवार 14 जनवरी को सुबह 10:00 बजे श्री महाकालेश्वर मंदिर से चल समारोह प्रारंभ होगा, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दादा गुरु पीर मत्स्येन्द्रनाथ जी महाराज की समाधि स्थल पहुंचेगा। वहां साधु-संतों की उपस्थिति में चादर चढ़ाई जाएगी। इसके पश्चात मंदिर परिसर में दो दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारा 15 जनवरी से प्रारंभ होकर 16 जनवरी की रात्रि 12:00 बजे तक चलेगा। आयोजन समिति ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भंडारा प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है। विमोचन के अवसर पर शशिकांत उर्फ निक्की पहलवान, नर्मदा नाथ, रोहित राव, सेवा नाथ, धीरज भावसार, सीताराम आदि कार्यक्रम में सेवा देने वाले लोग उपस्थित थे।

### भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति रद्द होने के विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

उज्जैन। भारत मुक्ति मोर्चा का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन बालियात्रा लोअर ग्राउंड, कटक (ओडिशा) में प्रस्तावित था, जो ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) की जाति आधारित जनगणना के समर्थन में आयोजित किया जाना था। संगठन की ओर से अधिवेशन के लिए ओडिशा जिलाधिकारी, कटक महानगर पुलिस प्रशासन एवं संबंधित विभागों से सभी आवश्यक अनुमतियां दो माह पूर्व ही विधिसम्मत रूप से प्राप्त कर ली गई थीं। इसके बावजूद सरकार द्वारा अधिवेशन की अनुमति रद्द कर दी गई। इस निर्णय के विरोध में तथा ओबीसी की जाति आधारित जनगणना को लेकर संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से भारत मुक्ति मोर्चा द्वारा कोठी पैलेस स्थित संकुल भवन पर महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन भारत मुक्ति महिला मोर्चा एवं बहुजन मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष आयु. गंगा मालवीय के नेतृत्व में सौंपा गया। मुकेश मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई है कि बामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति तत्काल प्रभाव से पुनः बहाल की जाए। साथ ही अधिवेशन रद्द होने से संगठन व डेलीगेट्स को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई की जाए। भविष्य में किसी भी संगठन के संवैधानिक, सामाजिक एवं वैचारिक कार्यक्रमों को राजनीतिक दबाव में रोकने की परंपरा समाप्त करने तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा हेतु स्वतंत्र कानून बनाए जाने की मांग भी रखी गई।

## खबर एक नजर...

### चेतावनी दी, निर्माण पर रोक नहीं लगी तो करेंगे धरना प्रदर्शन

उज्जैन। वार्ड क्रमांक 26 अंतर्गत फव्वारा चौक स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस उद्यान पर कतिपय भारतीय जनता पार्टी के प्रभावशाली नेता द्वारा शौचालय, मूत्रालय का निर्माण कार्य कराया जा रहा हैं। जिसके विरोध में क्षेत्रीय पार्षद प्रेमलता ओमप्रकाश रामी ने महापौर, निगमायुक्त को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई।

प्रेमलता ओमप्रकाश रामी ने शिकायत में कहा कि उक्त पावन उद्यान पर भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी नेता सुभाषचंद्र बोस की मूर्ति एवं जैन समाज का महावीर कीर्ति स्तंभ स्थापित हैं, जहाँ धार्मिक एवं राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। पार्षद प्रेमलता रामी ने महापौर, निगमायुक्त से अनुरोध किया कि फव्वारा चौक स्थित उद्यान पर शौचालय / मूत्रालय निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए, अन्यथा क्षेत्रीय रहवासियों के साथ उद्यान पर आंदोलन किया जावेगा, धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# पानी को शुध्द करने का प्लांट ही स्वच्छ नहीं

### कांग्रेस पार्षद दल पहुंचा गऊघाट प्लांट, भाजपा का नगर निगम बोर्ड शहरवासियों को पिला रहा गंदा पानी

### प्लांट पर क्विंटलों से काई जमी, 16 बिंदुओं पर जांच होनी चाहिये, 8 पर ही कर रहे





ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

इंदौर की दुखद घटना, कई लोगों की मौत, कईयों के जलप्रदाय से प्रभावित होने के बाद मध्यप्रदेश सरकार ने पीएचई को अलर्ट मोड़ पर किया है, विशेषकर पीएचई विभाग को आदेशित किया है, कि किसी भी स्थिति में गंदा पानी सप्लाय न हो। लेकिन इस सबके बावजूद मुख्यमंत्री के गृहनगर उज्जैन में ही शहर की 7 लाख जनता को पानी पहुंचाने वाला गऊघाट प्लांट ही गंदगी से भरा हुआ है। नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने बताया कि गऊघाट प्लांट पर कांग्रेस पार्षद दल ने पीएचई अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया कि जहां पानी शुध्दिकरण किया जाता है वहां पूरे प्लांट में काई के बड़े जाले लगे हुए हैं, काई भी क्विंटलों से, प्लांट में ऐसा स्थान नहीं जहां काई नहीं, चार-चार ईंच काई जमी हुई है।

### सेम्पल फैल, 16 में से 8 बिंदुओं पर ही जांच

रवि राय ने बताया कि कुछ सेम्पल सामने करवाये वो तो हमारे सामने ही फैल हो गये। टेक्नीकल केमिस्ट के फार्मेट के अनुसार 16 प्रकार की जांचे पानी की होती है, लेकिन फार्मेट में जो जांचे की गई थी वो केवल 8 बिंदुओं पर जांच की जा रही है, बाकी 8 बिंदुओं पर जांच नहीं की जा रही। रवि राय के अनुसार प्लांट में केमिस्ट होना चाहिये, लेकिन केमिस्ट की जगह असिस्टेंट के रूप में काम कर रहे हैं। एक केमिस्ट को आउट सोर्स के रूप में रखा गया है। जिस प्लांट पर पानी को स्वच्छ किया जाता है वह प्लांट ही स्वच्छ नहीं। अधिकारी रोज बैठक कर रहे पर प्लांट पर से काई हटाना नहीं चाहते।

### स्टॉक रजिस्टर में केमिकल निल, बिना शुध्द किये कर रहे जलप्रदाय

रवि राय ने बताया कि जब स्टॉक रजिस्टर चेक किया तो पता चला स्टॉक रजिस्टर में कई बार लिक्विड क्लोरीन, एलम, पीएसई जैसे कई केमिकल के आगे निल लिखा था, मतलब यह उपलब्ध नहीं है। जो प्लांट खुद गंदे हैं, वो शहर की करीब 7 लाख जनता को गंदा पानी ही पिला रहे हैं। निरीक्षण करने पहुंचे नेता प्रति पक्ष रवि राय के साथ ही माया त्रिवेदी, राजेंद्र वशिष्ठ, प्रेमलता रामी, अर्पित दुबे, पार्षद प्रतिनिधिगण परमानंद मालवीय, पार्षद प्रतिनिधि फिरोज पठान, मुजीब सुपारीवाले, सादिक कुरैशी, अनवर नागोरी, जाहिद पहलवान ने चेतावनी दी कि यदि 6 दिवस के अंदर इन प्लांटों की रिपेयरिंग, साफ, सफाई, काई हटाने का काम तथा व्हाईट वॉश किया जाए अन्यथा कांग्रेस पार्टी गऊघाट प्लांट पर जाकर आंदोलन करेगी।

### आज निकलेगी संतों एवं वैष्णव बैरागी समाज के समस्त सदस्यों की वाहन रैली

**उज्जैन।** अनन्त श्री विभूषित श्री आचार्य सम्राट जगद्गुरू स्वामी श्री रामानन्दाचार्य जी महाराज का 726वां जयन्ती महोत्सव 10 जनवरी शनिवार को समस्त वैष्णव सम्प्रदाय के संत महन्त महामण्डलेश्वर एवं वैष्णव बैरागी समाजजन द्वारा हर्षोल्लास के साथ रामानंदाचार्य चौक (खाकचौक) पर मनाया जाएगा।

महामहोत्सव की पूर्व संध्या पर आज 9 जनवरी को शाम 4 बजे कोयला फाटक स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से समस्त संतों एवं वैष्णव बैरागी समाज के समस्त सदस्यों की वाहन रैली निकलेगी। वाहन रैली पाटीदार ब्रिज, टॉवर, मालीपुरा, नईसड़क, कंठाल, बुधवारिया होते हुए खाकचौक पहुंचेगी। वहीं 10 जनवरी को प्रातः 8 बजे शोभायात्रा गोपाल मंदिर से प्रारंभ होगी जो कंठाल, तेलीवाड़ा, बुधवारिया, अंकपात होते हुए रामानंदाचार्य चौक (खाकचौक) जावेगी। यहां प्रातः 11 बजे स्वामी श्री के विग्रह का पूजन एवं दिव्य महाभिषेक दोप. 12 बजे सन्तों का आर्शीवचन तथा दोपहर 2 बजे प्रसादी भण्डारा का आयोजन होगा। 10 जनवरी को होने वाले महामहोत्सव में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। श्री रामादल अखाड़ा परिषद एवं समस्त वैष्णव बैरागी समाज उज्जैन ने श्री रामानन्दाचार्य चरणानुरागी भक्तजनों से महामहोत्सव में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### दुर्घटना में बाइक सवार की मृत्यु

मन्दसौर। जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र के सुवासरा-शामगढ़ रोड़ पर आलमगढ़ ब्रिज के नीचे वाहन नं. एमपी 41 जेडसी 7551 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर पल्सर मोटर साइकिल को टक्कर मार दी जिससे इस मोटर साइकिल पर सवार संदीप पिता शंभूलाल पानवार जाति बागड़ी निवासी शामगढ़ की मृत्यु हो गई।

### कालिदास अकादमी में ओपन माइक शो से हुआ धमाकेदार आगाज

# चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ठहाका महोत्सव का भव्य शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन



चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ठहाका महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार शाम 7 बजे कालिदास अकादमी, उज्जैन में उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। लोकप्रिय कवि एवं अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मेलन के संस्थापक एवं संयोजक डॉ. महेन्द्र यादव के नेतृत्व में विगत 26 वर्षों से ठहाका सम्मेलन का सफल आयोजन किया जा रहा है।

शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर शैलशानंद गिरी जी महाराज, अतिथियों के रूप में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय, योगेश शर्मा, मनीष शर्मा, महेश सीतलानी, दीपक बेलानी, कैलाश सोनी, जमना यादव एवं राजेन्द्र शाह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। 8 से 11 जनवरी तक आयोजित होने वाले चार दिवसीय ठहाका महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन लोक, कला एवं साहित्य के विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजन के प्रथम दिन पोएट्री एवं कॉमेडी के ओपन माइक शो का आयोजन किया गया।

ठहाका महोत्सव का धमाकेदार आगाज ओपन माइक शो से हुआ। नए और उभरते कलाकारों को मंच देने के उद्देश्य से इस आयोजन को महोत्सव में शामिल किया गया। देशभर से आए 200 से अधिक प्रतियोगियों ने ऑडिशन दिया, जिनमें से 20 चयनित कलाकारों ने मंच पर अपनी शानदार प्रस्तुतियाँ दीं।

ओपन माइक शो के सूत्रधार लोकप्रिय कवि राहुल शर्मा ने अपनी सशक्त वाणी, चुटीली शैली और वाकपटुता से पूरे सभागार को बांधे रखा और आयोजन में चार चांद लगा दिए। कविता और हास्य से सराबोर प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। पूरा ऑडिटोरियम खचाखच भरा रहा और काव्यप्रेमी जनता ने आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की।

इस आयोजन के प्रभारी रवि भूषण श्रीवास्तव ने पूरे कार्यक्रम को अत्यंत सधे हुए और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया। आयोजन में शहर के साहित्यकार, कवि एवं बड़ी संख्या में काव्यप्रेमी उपस्थित रहे।

### एक दिवसीय रोजगार-युवा संगम मेले में 335 छात्र-छात्राओं का पंजीयन

**उज्जैन।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ कार्यालय उज्जैन जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय उज्जैन के तहत एक दिवसीय युवा संगम - रोजगार, स्वरोजगार व अप्रेंटिसशिप जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में लगभग 22 कंपनियों के 350 पद पर रोजगार के अवसर उपलब्ध थे, जिनमें सेल्स मार्केटिंग एक्जिक्यूटिव मशीन पर, कम्प्यूटर आपरेटर, इन्सोरन्स एडवाइन्ट, टोक्नशियन, सिन्योगसी आदि पदों पर प्रतिभा स्वराज, कटारिया ग्रुप, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना, प्रधान मंत्री अप्रेंटिसशिप, शिव इन्टरप्राइजेज, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, इण्डसइन्ड बैंक, पेप्सीको, चंदन स्टील, लिनोड, रेपिडो आदि कम्पनियों में लगभग 335 छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया। जिसमें विभिन्न पदों से लगभग 147 के लिये प्रारंभिक प्रशिक्षण के लिये चयन किया गया। इस जिला स्तरीय रोजगार मेले में विभिन 45 महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# सांदीपनि चौराहा से उदयन मार्ग चौड़ीकरण का विरोध

### रहवासियों ने कहा चौड़ीकरण की आवश्यकता नहीं, फिर भी हुआ तो रहवासी करेंगे धरना प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

सांदीपनि चौराहा से उदयन मार्ग (विक्रम मार्ग) तक स्वीकृत 24 मीटर (लगभग 80 फीट) चौड़ी सड़क परियोजना पर क्षेत्रीय व्यापारियों और नागरिकों ने आपत्ति लेते हुए पुरजोर विरोध किया है। रहवासियों, व्यापारियों ने कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री तक को ज्ञापन सौंपकर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस चौड़ीकरण को रोका नहीं गया तो दुकानदार और रहवासी मिलकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

दरअसल कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 करोड़ 12 लाख रुपये की लागत से मार्ग चौड़ा करने के लिए भूमिपूजन किया था। लेकिन रहवासियों ने 24 मीटर तक चौड़ीकरण करना तकनीकी रूप से अनावश्यक बताते हुए इस पर आपत्ति लेते हुए कड़ा विरोध जताया है।

रहवासियों ने कहा कि मार्ग वर्तमान में लगभग 60 से 65 फीट चौड़ा है, जो 4-लेन सड़क के मानक के हिसाब से पर्याप्त है। नागरिकों का तर्क है कि 24 मीटर तक चौड़ीकरण करना तकनीकी रूप से अनावश्यक है। व्यापारियों ने चिंता जताई कि यह क्षेत्र पूर्णतः व्यावसायिक है और यदि चौड़ीकरण लागू हुआ, तो कई दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान जमींदोज हो जाएंगे। इसके परिणामस्वरूप करोड़ों की निजी संपत्ति का नुकसान और सैकड़ों परिवारों की रोजी-रोटी पर संकट आ सकता है।

नागरिकों ने सड़क की सेंट्रल लाइन के निर्धारण पर भी सवाल उठाए हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि भूमि अधिग्रहण असमान रूप से किया जा रहा है, जिससे सड़क का संतुलन बिगड़ रहा है और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने केंद्रीय रेखा का पुनः सर्वेक्षण करने और न्यायसंगत समाधान निकालने की मांग की है।

# 130 दिव्यांगजनों को लगाए कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर एवं पोलियो क्लिपर्स

### अग्रवाल परिवार एवं लायन्स क्लब उज्जयिनी द्वारा आयोजित निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर आज भी

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन



स्व. श्री बद्रीलाल जी अग्रवाल एवं स्व. श्रीमती आनंद बाला अग्रवाल की पुण्य स्मृति में शिव अग्रवाल, संजय अग्रवाल भाजपा नगर अध्यक्ष परिवार, लायन्स क्लब उज्जयिनी तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर में तिसरे दिन दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण प्रदान किए गए।

शिविर का शुभारंभ आनंद मंगल परिसर, उदयन मार्ग बागेश्वरी मंदिर के पास में नगर निगम उज्जैन की अध्यक्ष कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य एवं डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के गवर्नर लायन प्रवीण वशिष्ठ के विशेष आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन भगवानदास ऐरन, लायन आर. जी. पाठक, जोन चेयरपर्सन लायन मनीषा शिव अग्रवाल, क्लब सचिव लायन अरविंद गुमास्ते, कोषाध्यक्ष लायन मुकुंद गोरे सहित जिले के पदाधिकारी, लायंस सदस्य एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कोलकाता से आए डॉ. प्रभाकर एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा कुल 130 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया तथा सटीक नाप लेकर कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर एवं पोलियो क्लिपर्स तत्काल तैयार कर मौके पर फिट किए गए।

दिव्यांग लाभार्थियों एवं उनके परिजनों के लिए भोजन व्यवस्था भी की गई, जिसके माध्यम से लायंस द्वारा संचालित फूड फॉर हंगर परियोजना को भी गति मिल रही है। यह दिव्यांग सहायता शिविर आज 9 जनवरी को भी संचालित रहेगा। अग्रवाल परिवार एवं लायंस क्लब ने समाज से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग शिविर से जुड़कर इस पुण्यकार्य की जानकारी जरूरतमंदों तक पहुंचाएं, ताकि वे लाभान्वित हो सकें।

## खबर एक नजर...

### सईदाबाग में अमर शहीद स्वर्गीय अंबाराम मालवीय को दी श्रद्धांजलि



**सारंगपुर।** 5 वर्ष पहले देश की सेवा करते हुए शहीद हुए अंबाराम मालवीय की पुण्य तिथि के अवसर पर बुधवार को उनके ग्राम सईदाबाग पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सारंगपुर थाने के पुलिस अधिकारी एवं ग्रामीण उनकी प्रतिमा स्थल पर पहुंचे और उनको पुष्पमाला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि देश के लिए शहीद होने वाला हर एक जवान एक सितारे की तरह है जिसकी रोशनी कभी कम नहीं होगी। शहीद हमेशा यह सिद्ध कर देते है कि जान से बड़ा कर्तव्य और इसलिए उन्होंने देश के लिए अपनी जान को कुर्बान किया। ग्रामीणों ने कहा कि सईदाबाग के वीर शहीद श्री मालवीय हमेशा हमारे दिलो में अमर रहेंगे। उनकी कुबानी को कभी नहीं भुलाना जा सकता है। समीपस्थ सईदाबाग में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जनसमुदाय उपस्थित रहा। उल्लेखनीय है कि ग्राम सईदाबाग के अंबाराम मालवीय 7 जनवरी 2021 को बंझारी कुईमां गढवा झारखंड में नक्सलियों से लडते हुए शहीद हो गए थे। देश के लिए उनके बलिदान को स्थानीय नागरिकों द्वारा हमेशा याद रखा जा सके और युवा पीढी को देशभक्ति की प्रेरणा मिलती रहे इसलिए शासन-प्रशासन के द्वारा उनके गांव में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है जहां यह आयोजन संपंन हुआ। इस दौरान उनके परिवारजनों ने भी उन्हें नम आंखो से याद किया।

### रतलाम में 24 ग्रामीण महिला उद्यमियों ने किया व्यवसाय शुरू

**महिदपुर रोड।** एयू उद्योगिनी सक्षम प्रोजेक्ट के अंतर्गत उज्जैन एवं रतलाम जिले के आलोट, ढाबला सिया, मेलाखेड़ी, झाडी सहित विभिन्न गांवों में 24 ग्रामीण महिला ओं की दुकानों का विधिवत उद्घाटन किया गया। इन दुकानों में किराना स्टोर, टेलरिंग व मैचिंग सेंटर, ब्यूटी पार्लर, आटा चक्की, कॉस्मेटिक, रेडीमेड वस्त्र, फॉल-पीको मशीन, फैंसी आइटम्स एवं फास्ट फूड जैसे व्यवसाय शामिल हैं। यह परियोजना एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से प्योर इंडिया ट्रस्ट द्वारा संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें उद्यमिता के क्षेत्र में सशक्त करना है। शुभारंभ समारोह में एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सी एसआर प्रोग्राम मैनेजर आदित्य चौधरी एवं ढाबला सिया शाखा से पवन उपस्थित रहे और महिलाओं को व्यवसाय में सफलता हेतु शुभका मनाएं दीं। प्योर इंडिया ट्रस्ट के निशां त दुबे ने बताया कि अब तक राजस्थान और मध्यप्रदेश में 1900 से अधिक महिलाओं को व्यवसाय स्थापना में सहयोग किया जा चुका है। कार्यक्रम का संचालन संजीव सैन, जितेंद्र गुर्जर एवं जनप्रतिनिधि दिलीप सैन के सहयोग से किया गया।

### गांवों के स्वच्छता परिसरों के ही बुरे हाल

# ग्रामीण क्षेत्र में ताले में बंद सुविधा घर, गांवों में असुविधाओं का अंबार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर

जनपद पंचायत सारंगपुर की ग्राम पंचायतो में लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए 32 सुविधा घरों में से अधिकतरताले में बंद पडे हैं। जपं ने ग्रामों में सार्वजनिक शौचालय बनवाए लेकिन इनका फायदा लोगों को नहीं मिल रहा है। दो दर्जन से अधिक सार्वजनिक शौचालय हैं, लेकिन कईयों में ताला है तो कईयों में सुविधाओं के नाम पर हाथ धोने को साबुन तक नहीं है। ग्राम पंचायतों के द्वारा भारत स्वच्छता मिशन के अंतर्गत लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए शौचालयों पर लटका ताला जनपद पंचायत सारंगपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के द्वारा भारत स्वच्छता मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में ठेकेदार के द्वारा करीब 3 लाख 43 हजार की लागत से स्वीकृति होने के बाद अलग-अलग पंचायतों में निर्माण कार्य कराया गया परंतु करीब 6 वर्ष भी ऊपर समय बीतने को है केंद्र सरकार के द्वारा इन पंचायतों के द्वारा लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी बनकर तैयार शौचालय में अभी भी ताले लगे हुए हैं को अभी तक ग्राम पंचायत के द्वारा तैयार इन शौचालयों को चालू नहीं किया गया है।

शौचालय अधर में लटके हुए शोपीस बनकर खडे हैं। गांवो-कस्बो में सार्वजनिक शौचालय नहीं है जिसके कारण बाहर से आने जाने वाले यात्री सहित बाजार के दुकानदारों एवं खासकर महिलाओं को शौचालय जाने के लिए खासी परेशानी का सामना करना पडता है। शौचालय के लिए लोग इधर-उधर बगल ताकते रहते हैं जबकि 5 से 6 वर्ष से भी ऊपर का समय बीतने को है। आमजन के द्वारा कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि केंद्र सरकार एवं राज्य शासन के द्वारा प्राप्त राशि से स्वच्छता के नाम पर लाखों रुपए ग्राम पंचायतों के द्वारा खर्च किए जा रहे हैं, परंतु शौचालय नहीं होने के कारण शौच के लिए लोग इधर-उधर भटकते फिरते है। ग्रामीण जनों का कहना है कि यदि बने हुए इन शौचालय को चालू नहीं किया गया तो सीएम हेल्पलाइन पर ग्राम पंचायत सहित जनपद पंचायत की शिकायत की जाएगी।

#### लाखों की लागत से बने शौचालय बंद

ग्राम भ्याना सहित अन्य ग्राम पंचायतो में सार्वजनिक स्थानों पर जनपद पंचायत ने सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराया है। एक शौचालय की निर्माण करीब 4 लाख रुपये है, इन्हें बनवाकर जनपद पंचायत ही भूल गई है। शौचालयों का संचालन ग्राम पंचायतो को सौंपा गया है। इस कारण सालों से इनमें ताले ही लगे हुए हैं। जपं पंचायत के स्वच्छता प्रभारी मनोज रागडाले का कहना है कि जो सार्वजनिक शौचालय बनाए गए हैं, उन्हें चालू करवा दिए गया था, जो बंद है उन्हें जल्द शुरू कराया जाएगा। अलग अलग कारणों से कुछ संचालित नहीं हो रहे हैं। इनमें कमियां दूर करेंगे।

### भक्ति से ही संभव है मुक्ति का मार्ग- पं. मनमोहन कश्यप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सुसनेर

नगर के मेला ग्राउंड स्थित श्री ओंकारेश्वर महादेव एवं श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन बुधवार को कथा स्थल भक्ति और श्रद्धा से सराबोर नजर आया। कथा वाचन करते हुए प्रसिद्ध कथावाचक पं. मनमोहन कश्यप अग्रिहोत्री ने मुक्ति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति है और यह केवल सच्ची भक्ति से ही संभव है। पंडित कश्यप ने कहा कि जब मनुष्य भजन और भक्ति को अपने जीवन का हिस्सा बनाता है तब उसके सकारात्मक प्रभाव स्वयं दिखाई देने लगते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान के भक्त को प्रसाद मिले या न मिले लेकिन उसे नियमित रूप से कथा श्रवण अवश्य करना चाहिए।क्योंकि कथा सुनने से आत्मिक शांति मिलती है और जीवन की दिशा सही होती है। शिव भक्ति से मन, वचन और कर्म की शुद्धि होती है तथा व्यक्ति को मानसिक और आध्यात्मिक बल प्राप्त होता है। कथा के दौरान प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। बड़ी संख्या में उपस्थित महिला, पुरुष और युवा श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में डूबकर नृत्य किया और पूरे परिसर को शिवमय बना दिया।

### अमर्यादित और असंवेदनशील बयान पर

# मंत्री विजयवर्गीय का युवक कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर किया पुतला दहन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खाचरोद

गत दिनों इंदौर में नगर निगम द्वारा दूषित पानी वितरण से 17 से अधिक निर्दोष लोगों की मृत्यु हो गई और सैकड़ो की संख्या में लोग बीमार है लेकिन भाजपा सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गी ने इस त्रासदी पर जिम्मेदारी लेने की बजाय अमर्यादित और असंवेदनशील बयान दिया जिसका मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर मुख्य बाजार में जुलूस निकाला

जुलूस गणेश देवली से पुराने बस स्टैंड तक घंटनाद करते हुए मंत्री विजयवर्गी का पुतला जलाया। युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विरम सिंह गुर्जर ने कहा कि भागीरथपुरा की घटना हादसा नहीं बल्कि भा.ज.पा शासित नगर निगम और प्रशासन की घोर लापरवाही का घातक परिणाम है जिसे भाजपा की सरकार हंसी मजाक में ले रही है जनता इन्हें कदापि माफ नहीं करेगी। गुर्जर ने इस पूरे प्रकरण में जिम्मेदार अधिकारी, ठेकेदारों और जनप्रतिनिधियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज होना चाहिए साथ ही मृतक के प्रत्येक परिवार को एक-एक करोड रुपए देने तथा मृतक के आश्रित को शासकीय नौकरी देने कि मांग भी की है । युवक कांग्रेस नागदा ग्रामीण अध्यक्ष रवि शर्मा , खाचरोद ग्रामीण अध्यक्ष पुष्कर पाटीदार जिला महासचिव जितेंद्र पाटीदार, नेपाल सिंह गुर्जर, शहर अध्यक्ष शेरू मंसूरी , आईटी सेल अध्यक्ष नमित वनवट संजय नंदेडा, अनिल भरावा, निसार अंसारी, तनिष्क छाजेड़, निरंजन शर्मा, देव सिंह गुर्जर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आज से ब्लॉक कांग्रेस का बूथ चलो गांव चलो अभियान, मनरेगा बचाओ अभियान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर




कांग्रेस की मंडलम, पंचायत, वार्ड, मनरेगा, समिति के संबंध में एक आवश्यक बैठक 7 जनवरी बुधवार को झंडासेरी स्थित कांग्रेस कार्यालय पर बड़नगर ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन भारद्वाज द्वारा आयोजित की गई।

ब्लॉक अध्यक्ष भारद्वाज ने बताया गया कि जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष महेश पटेल के नेतृत्व में बूथ चलो गांव चलो अभियान, मनरेगा बचाओ अभियान 9 जनवरी शुक्रवार को बड़नगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खरसोदकलां सुबह-10:00 बजे, ग्राम बालोदलक्खा -11:00, ग्राम माधोपुर-11:30, ग्राम खेड़ावदा-12:00, ग्राम बंग्रेड दोपहर-1:00, ग्राम अमला-2:30, ग्राम खरसोदखुर्द-3:00, ग्राम बलेड़ी-शाम-4:00, ग्राम घड़सिंगा 5:00 होगा। समस्त कांग्रेस संगठन के कार्यकर्ताओं व साथियों से निवेदन है दौरे कार्यक्रम में उपस्थित होकर संगठन के हाथ मजबूत करें । इस अवसर पर ललित यादव, नरेंद्र सिंह धतुरिया, महिपाल सिंह गोड, जगदीश नारायण सिंह, शैलेन्द्र सिंह सिसोदिया, दिलीप सिंह अरंडिया, पकंज जोशी, धनंजय सिंह सिसोदिया, तरुण आचार्य, ललित सोनी, देवेंद्र सिंह बरगाडी, अनिल शर्मा, परमानंद यादव असावता,नरेंद्र सिंह राजावत लोहारिया, महिपाल सिंह पंवार दांतरवा, नंदकिशोर बंबोरिया, कुलदीप नागर बंग्रेड, भावेश जैन, कमलेश ठाकुर, मो. शोबी, मो.रईस, गुलरेज मंसूरी,गुलजार खान,मोहन सिंह राठौर अमला, दिपक सिंह बंग्रेड, आयुष पाटीदार सहित कई साथी मौजूद थे ।

### 45 दिवसीय अखंड रामायण पाठ

**इंगोरिया।** अचलेश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार 45 दिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन चल रहा है। पौष सुदी पूर्णिमा से महाशिव रात्रि तक अखंड रामायण पाठ गत 48 वर्षो से प्रति वर्ष हो रहा है। रामायण पाठ में आसपास के क्षेत्रों के धार्मिक श्रद्धालु सहयोग देते हैं।

# बाइक चोर को अवैध रूप से जहरीली शराब ले जाते किया गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर



थाना प्रभारी निरी. अशोक कुमार पाटीदार व टीम के द्वारा 07 जनवरी बुधवार को घेरा बंदी कर अवैध रुप से जहरीली शराब ले जाते हुए 01 आरोपी को पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची जहरीली शराब जप्त की गई ।

थाना प्रभारी पाटीदार ने बताया कि 7 जनवरी बुधवार को कस्बा भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि भेरूजी मंदिर के पास बदनावर रोड बडनगर पर एक व्यक्ति हाथ में थैली के अंदर प्लास्टिक की कैन जिसमें शराब लेकर बदनावर तरफ से आ रहा है ।सूचना को तत्काल संज्ञान में लेते हुए टीम तैयार कर मौके पर कार्यवाही के लिये रवाना की गई जिस पर पुलिस टीम व्दारा प्रभावी कार्यवाही कर संदेग्ध व्यक्ती को घेराबंदी कर पकडा व नाम पता पुछते उसने अपना नाम सुभाष राणा पिता सिमुन राणा उम्र 40 साल निवासी बडी धामनी थाना थांदला जिला झाबुआ का होना बताया । सुभाष राणा के हाथ मे ली हुई थैली को चेक करते थैली के अंदर एक प्लास्टिक की कैन मिली जिसका ढक्कन खोल कर चैक करते उसमे हाथ भट्टी की बनी कच्ची महुआ शराब मात्रा करीबन 10 लीटर किमती करीबन 1000/- रुपये की होना पाई गई । पास से सुंघने पर प्लास्टिक की कैन में से तेज व तीखी यूरिया युक्त शराब की गंध आ रही थी जो की जहरीली प्रतीत हो रही थी। उक्त शराब मानव जीवन के लिए हानिकारक हो सकती थी । बाद आरोपी से उक्त जहरीली शराब को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया । आरोपी सुभाष राणा के विरुद्ध धारा 34, 49-ए आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । गिरफ्तार शुदा आरोपी सुभाष राणा से अन्य अपराधो के बारे में पुछताछ करते आरोपी द्वारा दिनांक 06 जनवरी मंगलवार को कस्बा बडनगर से मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया गया था । आरोपी से उक्त मोटर सायकल के बारे में पुछताछ करते बदनावर रोड तरफ झाडियो में छुपाना बताया था जो आरोपी द्वारा बताये स्थान बदनावर रोड के पास झाडियो से चोरी गई हिरो फेशन प्रो मोटर साईकल कीमती 85000/- रुपए की बरामद की गई है।

### विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में रुचि के लिए इस तरह की प्रतियोगिता जरूरी

**सारंगपुर।** सारंगपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बुधवार को संपंन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रदर्शनी में विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान के साथ पर्यावरण विषय पर बच्चों द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट मॉडल बनाए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीईओ सुरेश विरमाल ने कहा कि इस विज्ञान मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना और प्रयोगों के जरिए अंधविश्वास को दूर करना है। बच्चों ने यह संदेश दिया कि हर घटना का वैज्ञानिक कारण होता है। उन्होंने वर्तमान युग को विज्ञान का युग बताते हुए सभी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास को बढावा देने व विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में रुचि उत्पन्ना करने के लिए इस तरह की प्रतियोगिता जरुरी है।

# कुख्यात पारदी गैंग के संगीन वारदात की योजना बना रहे दस हथियार बंद बदमाश गिरफ्तार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा

राजगढ़ पुलिस ने कुख्यात पारदी गैंग द्वारा पेट्रोल पम्प पर डकैती की बनाई जा रही साजिश को विफल कर दिया। पुलिस ने मौके से 10 हथियारबंद बदमाशों को गिरफ्तार कर एक बड़ी व संगीन वारदात को समय रहते रोक लिया।

उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश वर्मा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 10-12 बदमाश हथियारों से लैस होकर माँ जालपा माता मंदिर के पीछे, पहाड़ी के नीचे जंगल में एकत्रित होकर हाईवे स्थित नायरा पेट्रोल पम्प पर डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल तीन पुलिस टीम गठित कर अलग अलग दिशाओं से घेराबंदी की। पुलिस दल पैदल जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र में आगे बढ़ा।

जंगल में बैठकर डकैती की योजना बनाने वाले बदमाश तेज धारदार हथियारों से लैस पाए गए तथा पास में 5 मोटरसाइकिलें खड़ी थीं। बदमाश आपस में बातचीत कर रहे थे कि कौन कर्मचारियों को हथियारों से कवर करेगा, कौन रोड पर निगरानी रखेगा, कौन आफिस में घुसकर नगदी लूटेगा, सभी भूमिकाएं पूर्व से तय थीं। पूर्ण तस्दीक के उपरांत तीनों पुलिस पार्टियों ने एक साथ रेड की. रेड के दौरान बदमाशों ने भागने का प्रयास किया, किंतु पुलिस की मुस्तैदी से तीनों दिशाओं से घेराबंदी कर कुल 10 बदमाशों को मौके से गिरफ्तार किया जिसमे बना पिता धुरीलाल पारदी, महावीर पिता बाबू पारदी, घासी पिता साधु पारदी, सिकंदर पिता बालचंद पारदी, रामपाल पिता जगदीश पारदी, रामबाबू पिता जगन्नाथ पारदी, सुरेश पिता बनेसिंह पारदी, जाबाज पिता जावर पारदी, सहवाग पिता गोवर्धन पारदी, सुमित पिता बाबू पारदी, को गिरफ्तार कर उनके आपराधिक प्रकरणों की जांच की जा रही है। उक्त आरोपियों के पास एक तलवार, दो फर्सी, दो खटकेदार चाकू, दो बेसबॉल बैट, एक लठ्ठ, एक लोहे की रॉड, एक सब्बल, 20 हजार रु नगद और 05 मोटरसाइकिलें जप्त की। उक्त जप्त मोटरसाईकलो मे से 4 मोटरसाईकल चोरी की पाई गई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।



## पंचायत की समस्याओं से सरपंच ने कलेक्टर को कराया अवगत

सारंगपुर। जनपद पंचायत सारंगपुर की ग्राम पंचायत मगराना के सरपंच महेश गुर्जर ने राजगढ़ जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान गुर्जर ने कलेक्टर के समक्ष ग्राम पंचायत में आ रही समस्याओं से अवगत कराया और विकास कार्यो की स्वीकृत की मांग की। इस दौरान श्रीगुर्जर ने उनके द्वारा प्रस्तावित कार्यो से कलेक्टर को अवगत कराया। पूर्व में किए गए कार्यो की जानकारी भी दी। कलेक्टर ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।



## गीता भवन ने जरूरतमंदो को स्वेटर वितरण किए

बड़नगर। कड़कड़ाती ठंड में रात्रि के समय गीता भवन के सेवादारो द्वारा रेलवे स्टेशन बस स्टैंड संगम चौराहा खाक चौक आदि पर जरूरतमंद महिला पुरुषों को गर्म स्वेटर व लांग कोट वितरण कर रहे हैं। इसी क्रम में गीता भवन द्वारा आज तक 3000 स्वेटर का वितरण निशुल्क किये जा चुके है। मंगलवार को अंतिम कड़ी के रूप में भाटपचलाना, चिरोला एवं प्राथमिक विद्यालय नामलपूर में भी शिक्षकों को स्वेटर वितरण हेतु दिए गए। संस्था अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी ने बताया कि इसी संदर्भ में मकर संक्रांति पर लगभग 200 नवीन साड़ियां गरीबों को वितरण की जाएगी। स्वेटर व साड़ी वितरण में विनोद मकवाना, प्रेम नारायण पोरवाल, योगेश आचार्य, राजेंद्र कौशल, रमेशचंद, उमाशंकर मेहता के द्वारा अपनी सेवाएं दी जा रही है। जानकारी संजय कुमावत ने दी।

## नीमच में दो दिनों से शीत लहर का चला कहर, बाजार में सन्नाटा छाया

**नीमच।** जिले में मौसम के मिजाज में सोमवार के बाद दो दिनों से चली ठंडी हवाओं से बाजारों में सन्नाटा पसर गया द्य सुबह से समुचा शहर कोहरे की चादर में लिपटा रहा। वही सुबह 11 बजे तक घना कोहरा छाया रहा द्य जिससे कार बस ट्रक आदि वाहन चालकों की दृश्यता प्रभावित होने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। मौसम में आई ठंडक के चलते अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। तापमान में अधिक जिराफ गिरावट के कारण विद्यालय की कलेक्टर द्वारा दो दिन के लिए छुट्टी बढ़ा दी गईद्य दिनभर ठंडी हवा बहने, से ठंड का अहसास बढ़ गया। हालांकि गुरुवार को दोपहर में सूर्य की धूप तेज होने से थोड़ी राहत मिली।

# दो से तीन दिन बाद बदलेगा मौसम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



कोहरे का असर कम हो गया है। लेकिन ठंड बरकरार है। शीत लहर के कारण कंपकपाने वाली ठंड का असर बना हुआ है। मौसम के बदलाव के कारण दिन का तापमान भी लगातार गिरा है। जबकि रात का पारा भी लुढ़का है। गुरुवार सुबह-सुबह हल्का कोहरा छाया रहा है। धूप भी निकली, जिससे लोगों ने राहत महसूस की।

नए साल की शुरूआत से कोहरे के कारण मौसम में आए बदलाव ने ठंड का एहसास करा दिया था। जो कि अब तक लगातार जारी है। बुधवार को अधिकतम तापमान 23.3 डिग्री दर्ज हुआ। जबकि न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री दर्ज हुआ है। ठंड से बचने के लिए शहर में लोग अलाव का सहारा भी ले रहे है। स्कूलों का समय भी सुबह 10 बजे से हो गया है।

मौसम विभाग की माने तो जनवरी माह में ऐसी ही कड़ाके की ठंड पड़ेगी। दो से तीन के बाद असर और बढ़ेगा। क्योंकि हिमालय के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। जब ये आगे बढ़ेगा तो बर्फ पिघलने लगेगी और बर्फीली हवा की रफ्तार भी बढ़ जाएगी। इससे ठंड का असर ओर तेज होगा।

**ठंड के लिए इसलिए खास जनवरी**

मौसम विभाग के अनुसार, जिस तरह मानसून के चार महीने (जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर) में से दो महीने जुलाई-अगस्त महत्वपूर्ण रहते हैं और इन्हीं में 60 प्रतिशत या इससे अधिक बारिश हो जाती है, ठीक उसी तरह दिसंबर और जनवरी में कड़ाके की ठंड पड़ती है। इन्हीं दो महीने में प्रदेश में उत्तर भारत से सर्द हवाएं ज्यादा आती हैं। इसलिए टेम्प्रेचर में अच्छी-खासी गिरावट आती है। सर्द हवाएं भी चलती हैं।

## करियर काउंसलिंग का आयोजन

बड़नगर। सेंट थॉमस हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वी के विद्यार्थीयों के लिये करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया` मुख्य वक्ता फादर जॉबी, संजोस इंस्टिट्यूट ऑफ करियर गाइडेंस, उज्जैन ने विद्यार्थीयों को अपनी क्षमताओ, रुचियों, सकारात्मक सोच,स्पष्टता व सही अवसर पर निर्णय लेकर, अपने करियर को बनाने पर प्रकाश डाला` साथ ही विद्यार्थीयों व पालकों द्वारा किये गये प्रश्नों का समाधान कियो इस अवसर पर प्राचार्या मोली टॉमी, शिक्षकगण व पालकगण उपस्थित थे।



## कोचिंग केन्द्र पर सामग्री वितरित की

शुजालपुर। मालवा भूषण आचार्य नवरत्न सागर सूरीश्वर महाराज साहब की दशम पुण्यतिथि के अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रभा विनोद जैन द्वारा निःशुल्क कोचिंग के बच्चों के बीच सर्वप्रथम नवकार मंत्र उच्चारण कराकर ठंड में अत्यंत लाभकारी पिण्डखजूर वितरित कराए गए एवं जरूरतमंदो को ठंड से बचाव के लिए मौजे भी वितरित किए गए। इस अवसर पर दीपक गोयल, अभिनंदन जैन, राजेश जायसवाल, भूपेंद्र गुगलिया, तरुण सोनी, ग्रीष्मा शाह, वीणा गोयल, परमजीत कौर खालसा आदि उपस्थित रहे।

# एएसपी ने लोगों को एकत्र कर चायनीज मांझे का उपयोग नहीं करने को लेकर समझाईश दी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

मकर संक्रांति के आसपास पतंगें उड़ाने के दौरान कई लोग चायनीज मांझे का उपयोग करते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। चायनीज मांझे पर प्रशासन ने प्रतिबंध लगा रखा है। इसके बावजूद कई लोग इसका उपयोग कर रहे है। हाट की चौकी क्षेत्र में बुधवार रात एएसपी राकेश खाखा व पुलिस ने लोगों को एकत्र कर चायनीज मांझे का उपयोग नहीं करने को लेकर समझाइश दी। पतंग उड़ाने के दौरान चायनीज मांझे का उपयोग नहीं करने और रोड पर निकलने के दौरान इससे बचने की सावधानी के बारे में बताया।

लोगों को गाडियों पर मफलर पहनकर निकलने साथ ही गाड़ी के आगे की तरफ कांच के दोनों तरफ एल्युमीनियम का तार लगाने की समझाइश दी। जिससे डोर कट कर आने पर आपके बचाव करेगी। सीधे गले पर नहीं आएगी।

एएसपी खाखा ने कहा कि चायनीज मांझे के उपयोग से हर साल कई पक्षियों की जान जा रही है। साथ लोगों की जान को भी खतरा बनता है। कई लोग इससे दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके है। बेचने वालों पर हम लगातार कार्रवाई कर रहे है। जो भी बेचता मिलेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, डीडी नगर थाना टीआई अनुराग यादव, हाट रोड चौकी प्रभारी पंकज राजपूत आदि मौजूद रहे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के ग्राम लोखंडिया के मोती माता मंदिर मेले में ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 2 जनवरी 2026 से 7 जनवरी 2026 तक चला, जिसमें श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। शिविर में मरीजों की प्राथमिक जाँच, चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक उपचार प्रदान किया गया। स्थानीय नागरिकों ने ऑल इज वेल हॉस्पिटल की इस जन कल्याणकारी पहल की सराहना की और इसे जनसेवा की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया।


## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार द्वारा दी गई जानकारी अनुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री अजय जोशी पिता श्री सत्यनारायणजी, निवासी-399, राजाभाउ महाकाल मार्ग, पानदरीबा, उज्जैन म.प्र. से इनके मालिकाना स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का आवासीय फ्लेट क्रमांक 604 जो भूमि सर्वे क्रमांक 3814/2, 3818/5, 3822/2, 3823/1, 3823/2, 3825, 3826, 3827, 3828, 3829 कस्बा उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन पर बने ओम साई ओम मल्टी फ्लैटेड टाउनशिप में निर्मित अपार्टमेंट ₹गोल्डन बी₹ की छठी मंजिल (सिक्सथ फ्लोर) पर स्थित है जिसका बिल्ट अप एरिया 63.83 वर्गमीटर है एवं सुपर बिल्ट अप एरिया 82.90 वर्गमीटर है जिसकी चतुर्सीमा के पूर्व दिशा में फ्लेट क्रमांक 603, पश्चिम में-टाउनशिप का खुला भाग, उत्तर में कॉरिडोर बाद फ्लेट क्रमांक 605, दक्षिण में टाउनशिप की सडक स्थित है को क्रय करने का सौदा किया गया होकर आशिक राशि दे दी गई है। उक्त आवासीय फ्लेट को श्री अजय जोशी पिता श्री सत्यनारायणजी, निवासी-399, राजाभाउ महाकाल मार्ग, पानदरीबा, उज्जैन म.प्र. ने भागीदारी फर्म/मेसर्स ओम श्रीम डेवलपर्स द्वारा भागीदार 1. शरद मित्तल पिता श्री ओमप्रकाश जी मित्तल निवासी बी-10, इन्द्रपुरी कॉलोनी, सेठीनगर, उज्जैन, 2. नवनीत सिंह सिकरवार पिता श्री गोपाल सिंह जी सिकरवार निवासी-बी-4/11, महानंदा नगर, उज्जैन से पंजीकृत विक्रय पत्र दस्तावेज ई पंजीकरण संख्या MP432022018A1092962 पंजीकरण की तिथि 09/02/2018 के माध्यम से क्रय किया है। उक्त आवासीय पफ्लेट का सौदा मेरे पक्षकार ने श्री अजय जोशी पिता श्री सत्यनारायणजी, निवासी-399, राजाभाउ महाकाल मार्ग, पानदरीबा, उज्जैन म.प्र. से किया गया होकर आंशिक राशि दे दी गई है तथा अब उक्त फ्लेट स्वामी को शेष विक्रय मूल्य राशि अदा कर उनसे विक्रय-पत्र का संपादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, शासन, इति आदि का भार, बोझा, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक से मेरे कार्यालय में प्रेषित करें, अवधि पश्चात उक्त संपत्ति की शेष विक्रय मूल्य की राशि का भुगतान संपत्ति स्वामी को मेरे पक्षकार द्वारा कर सदर संपत्ति के विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा एवं अवधि पश्चात उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही रहेगी। सूचित हो इति दिनांक : 09-01-2026

**महेन्द्र मालवीय (एड्व्होकेट)**
**कार्यालयः-ऑफिस नंबर 143 फर्स्ट फ्लोर,**
**सी-21 रेस-कॉम, नानाखेडा, उज्जैन**



# अमिताभ बच्चन से मिलीं हार्दिक की गर्लफ्रेंड महीका शर्मा

**क्रिकेटर ने रिलायंस के इवेंट में बिग बी से कराया इंट्रोड्यूस**

मुंबई में रिलायंस ने 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' इवेंट का आयोजन किया था, जिसमें बॉलीवुड और स्पोर्ट्स के बड़े चेहरों ने भाग लिया। कार्यक्रम में अमिताभ बच्चन पहुंचे थे।

वहीं, हार्दिक पंड्या अपनी गर्लफ्रेंड महीका शर्मा के साथ इवेंट का हिस्सा बने। इवेंट का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें हार्दिक अपनी मॉडल गर्लफ्रेंड का बिग बी से इंट्रोड्यूस करते नजर आ रहे हैं। सामने आए वीडियो में हार्दिक पहले अमिताभ बच्चन के गले लगते हैं फिर अपनी गर्लफ्रेंड महीका शर्मा से मिलवाते हैं। बिग बी पूरे गर्मजोशी से महीका से हाथ मिलाते हैं। फिर दोनों के बीच थोड़ी बातचीत भी होती है।

सोशल मीडिया पर यूजर्स हार्दिक की इस जेस्चर की काफी तारीफ कर रहे हैं। उनका मानना है कि महीका को अमिताभ बच्चन से मिलवाना एक शानदार और स्पेशल मोमेंट है।

**2024 में नताशा स्टेनकोविच से हुआ तलाक-** बता दें कि हार्दिक पंड्या ने साल 2024 में सर्बियाई मॉडल नताशा स्टेनकोविच से तलाक लिया था। दोनों की मुलाकात 2020 में कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान हुई थी, जिसके बाद उन्होंने उसी साल शादी कर ली थी। 30 जुलाई 2020 को उनके बेटे अगस्त्य का जन्म हुआ। जुलाई 2024 में हार्दिक और नताशा ने आपसी सहमति से अलग होने का निर्णय लिया। अब हार्दिक और नताशा मिलकर अपने बेटे अगस्त्य की परवरिश कर रहे हैं। नताशा से अलग होने के बाद हार्दिक का नाम मॉडल सिंगर जैस्मीन वालिया के साथ जुड़ा। दोनों को कई मौकों पर एक ही लोकेशन पर स्पॉट किया गया था। दोनों एक-दूसरे सोशल मीडिया पर फॉलो भी करते थे लेकिन कुछ समय बाद दोनों की राहें अलग हो गईं।

## दिलजीत दोसांझ बोले-

# राखी सावंत मेरी फेवरेट, लीजैंड-बिंदास है

**निमरत खैहरा बोलीं- मेरा मूड जब भी अपसेट होता है, मैं भी उन्हें देखती हूं**





पंजाबी सिंगर एवं एक्टर दिलजीत दोसांझ को उनके जन्मदिन पर एक्ट्रेस और सिंगर निमरत खैहरा ने सोशल मीडिया पर लाइव जुड़कर बधाई दी। जिसमें दोनों सिंगरों के बीच करीब तीन मिनट बात हुई। बातचीत के दौरान दोनों ने अपने पसंदीदा कलाकारों का भी जिक्र किया और मजाक में एक्ट्रेस राखी सावंत को अपनी फेवरेट आर्टिस्ट बताया, जिस पर दोनों हंसे। दिलजीत ने कहा कि राखी सावंत बिंदास और लीजैंड हैं। दिलजीत का मंगलवार (6 जनवरी) को 42वां बर्थडे था।

### रब दा रेडियो फिल्म की शूटिंग में व्यस्त निमरत

दरअसल, निमरत खैहरा एक फिल्म की शूटिंग में व्यस्त थीं। शूटिंग के लिए सीन रेडी होने से पहले ही उन्होंने दिलजीत से सोशल मीडिया पर लाइव जुड़ीं।। निमरत ने बताया की वो रब दा रेडियो फिल्म की शूटिंग के सेट पर है। इस दौरान दिलजीत दोसांझ ने निमरत खैहरा से उनका कोई पुराना गाना सुनाने की फरमाइश की। इस पर निमरत खैहरा ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें फिलहाल गाना याद नहीं है और वह बाद में याद करके जरूर सुनाएंगी। दिलजीत ने मजाकिया अंदाज में कहा कि जन्मदिन वाले दिन किसी को नाराज नहीं करना चाहिए। इस दौरान दिलजीत ने कहा मेरी और निमरत की फेवरिट आर्टिस्ट राखी सावंत है। हम राखी सावंत के बहुत बड़े फैन हैं। उनकी रील्स और पोस्टें हम एक-दूसरे को शेयर करते हैं। हमें वह बहुत अच्छे लगते हैं। वह बिंदास हैं। लीजैंड हैं। निमरत खैहरा ने कहा उनका जब मूड अपसेट होता है तो वो राखी सावंत की रील्स देख कर अपना मूड ठीक करती हैं। दिलजीत दोसांझ ने निमरत खैहरा को उनकी आने वाली फिल्म की शूटिंग के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह शानदार काम करें। दोनों के बीच हुई यह बातचीत फैंस को काफी पसंद आ रही है।



# बॉर्डर-2 के गाने के लिए वरुण धवन का उड़ा मजाक

**दावा- निगेटिव पीआर कैंपेन के जरिए किया गया टारगेट, एक्टर ने भी दिया रिएक्शन**

बॉर्डर 2 का गाना घर कब आओगे रिलीज होने के बाद से वरुण धवन ट्रोलर्स के निशाने पर हैं। एक्टर के एक्सप्रेशन और एक्टिंग को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

सोशल मीडिया पर कई इंफ्लुएंसर गाने से वरुण का एक्सप्रेशन का मजाक उड़ाते हुए वीडियो बना रहे हैं। इसी बीच रेडिट पर एक स्क्रीनशॉट वायरल हो रहा है, जिसे लेकर दावा किया जा रहा है कि वरुण की ट्रोलिंग पेड पीआर कैंपेन चलाया गया है।

वायरल स्क्रीनशॉट में लिखा गया है- 'हम बॉर्डर 2 को लेकर एक ढफकैंपेन चला रहे हैं, जो फिल्म के निगेटिव कमेंट पर आधारित है। इस कैंपेन का मकसद वरुण धवन के परफॉर्मेंस क्वाइस,स्क्रीन प्रेजेंस, फेशियल एक्सप्रेशन और इस बात पर बहस शुरू करना है कि क्या उनकी कास्टिंग इतनी बड़ी फिल्म और उसकी लीगेसी पर फिट बैठती है।

आपके पेज की अच्छी इंगेजमेंट है और ऐसे ऑडियंस हैं, जो बोल्ड और अनफिल्टर्ड ओपिनियन की सराहना करते हैं, इसलिए हम आपके साथ कोलैब करना चाहेंगे।


चैट में आगे प्वाइंट मेंशन किए गए हैं, जिस पर वरुण का ऑनलाइन टारगेट करना था। जैसे कि उनकी हाइट पर बात करते हुए ये बताना कि कैसे वो फिल्म के लिए फिट नहीं बैठते। इसके लिए बौना, नाटा और बटवा जैसे वड्र्स का यूज करना। उनकी ओवर एक्टिंग को फोकस करना और उनके फेशियल एक्सप्रेशन पर क्रिटिकल रिव्यू देना। वहीं, वरुण ने अपनी ट्रोलिंग पर रिएक्शन दिया है। दरअसल, 7 जनवरी को उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर गाने को मिल रहे प्यार के लिए आभार जताया था। अपनी कई फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'मेजर होशियार सिंह दहिया। आपके प्यार के लिए धन्यवाद।' एक्टर के इस पोस्ट पर उनके फैंस और आलोचक दोनों ने कमेंट किए। एक यूजर ने वरुण से पूछा- 'भाई लोग आपकी एक्टिंग पर सवाल उठा रहे हैं। उसके लिए क्या बोलेंगे?' इसका जवाब देते हुए वरुण ने लिखा- 'वही सवाल ने गाना हिट करा दी सब एन्जॉय कर रहे हैं... रब दी मेहर।'

# साउथ सुपरस्टार्स पर चला धुरंधर का जादू

**सूर्या, अल्लू अर्जुन समेत कई सितारों ने फिल्म को बताया मास्टरपीस, बोले- इंटरनेशनल लेवल का प्रेजेंटेशन**

**फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 774.8 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है। वहीं फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1,241.67 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया**





अक्सर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री बनाम साउथ इंडस्ट्री के बीच टकराव की खबरें आती रहती हैं। पिछले कुछ सालों में जहां साउथ की फिल्में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही थीं।

वहीं, हिंदी सिनेमा को उनकी फिल्मों के लिए आलोचनाओं का सामना कर पड़ा रहा था। लेकिन आदित्य धर की धुरंधर ने दोनों इंडस्ट्री को एक साथ लाकर खड़ा कर दिया है। इस फिल्म की तारीफ सिर्फ बॉलीवुड में ही नहीं हो रही बल्कि धुरंधर देखने के बाद साउथ सुपरस्टार्स भी खुद को तारीफ करने से नहीं रोक नहीं पाए।

तमिल एक्टर सूर्या शिवकुमार ने धुरंधर देखने के बाद फिल्म की तारीफ में एक्स पर पोस्ट लिखा। उन्होंने पोस्ट में डायरेक्टर, एक्टर सबकी खूब तारीफ की। वो लिखते हैं- इस मास्टरपीस के लिए धन्यवाद @आदित्यधरफिल्म्स धुरंधर, क्या शानदार फिल्म है। आपके क्राफ्ट ने मुझे पूरी तरह से मंत्रमुग्ध कर दिया। आपको और पूरी टीम को ढेर सारा प्यार और सम्मान। मेरे भाई आर माधवन को विशेष बधाई। क्या गजब का बदलाव है। अक्षय खन्ना और रणवीर सिंह को इस शानदार ब्लॉकबस्टर के लिए बधाई। सूर्या और जो (ज्योतिका) की तरफ से प्यार।

सूर्या से पहले तेलुगु एक्टर अल्लू अर्जुन भी फिल्म की तारीफ कर चुके हैं। अल्लू अर्जुन ने भी सोशल मीडिया लंबा चौड़ा-पोस्ट लिखा था।

उन्होंने लिखा था- मैंने अभी धुरंधर देखी। बेहतरीन एक्टिंग, तकनीकी पहलुओं और शानदार से साउंड ट्रैक से भरपूर एक शानदार फिल्म। मेरे भाई रणवीर सिंह की दमदार जबरदस्त मौजूदगी - उन्होंने अपनी वर्सेटिलिटी से जान डाल दी।

अक्षय खन्ना जी का औरा और संजय दत्त जी, एक्टर माधवन, अर्जुन रामपाल और बाकी सभी कलाकारों की दमदार मौजूदगी। सारा अर्जुन भी बहुत प्यारी लगी हैं।

और हां, इस शिप के कप्तान, शानदार और जबरदस्त फिल्म मेकर आदित्य धर गारू। आपने एक बेहतरीन फिल्ममेकर के तौर पर पूरे स्वैग के साथ कमाल कर दिया। मुझे यह बहुत पसंद आई। दोस्तों, इसे देखिए और शो का मजा लीजिए।'

तेलुगु फिल्म एक्टर अदिवि शेष ने धुरंधर देखने के बाद लिखा था- ह्यमुझे धुरंधर बहुत पसंद आई। देश की सबसे बड़ी फिल्म देखने में देर हो गई, लेकिन फिल्म बहुत ही शानदार है। @आदित्यधरफिल्म्स सर, इतने सारे ग्रे शेड्स को इतनी बारीकी से दिखाना वाकई कमाल की बात है।

इतने प्रासंगिक सब्जेक्ट पर बिल्कुल इंटरनेशनल प्रेजेंटेशन। मेजर के लिए 26/11 पर इतना रिसर्च करने वाले इंसान के रूप में, मेरे लिए यह देखना बिल्कुल नया अनुभव था कि आईएसआई के हैंडलर्स को ल्यारी अंडरवर्ल्ड ने किस तरह मजबूत बनाया था।

टीम की तारीफ में उन्होंने लिखा- रणवीर सिंह से लेकर आर माधवन तक सबने शानदार परफॉर्मेंस दी है। लेकिन मेरे पसंदीदा निःसंदेह रहमान डकैत के रूप में अक्षय खन्ना जी और जमील के रूप में राकेश बेदी जी थे। एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी म्यूजिक, इंटरनेशनल लेवल की सिनेमैटोग्राफी और ओवरऑल क्रॉफ्ट इसे एक यादगार अनुभव बना दिया। मैं इसे जल्द ही दोबारा देखूंगा।

तेलुगु एक्टर निखिल सिद्धार्थ भी धुरंधर देखने के बाद खुद को तारीफ करने से नहीं रोक पाए। उन्होंने फिल्म से रणवीर सिंह की जिफ शेयर करते हुए लिखा- धुरंधर टीम को बधाई। इस सिनेमाई अनुभव का हर पल लाजवाब रहा। भारतीय देशभक्तों की सच्ची कहानी पर आधारित... इसे थिएटर में देखना न भूलें।' धुरंधर की बात करें तो ये फिल्म 5 दिसंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज हुई थी। आज फिल्म की रिलीज को पूरे एक महीने हो चुके हैं। इस एक महीने में फिल्म ने कई रिकॉर्ड कायम कर लिए हैं।

## 35 देशों के 171 साइक्लिस्ट लेंगे हिस्सा, भारत के 6 साइक्लिस्ट शामिल

# पुणे ग्रैंड टूर 2026 साइक्लिंग रेस 19 से 23 जनवरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई



भारत में पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर की मल्टी-स्टेज साइक्लिंग रेस पुणे ग्रैंड टूर 2026 का आयोजन 19 से 23 जनवरी 2026 के बीच किया जाएगा। यह पुरुषों की यूसीआई 2.2 कॉन्टिनेंटल कैटेगरी की रेस होगी, जिसमें दुनिया के 35 देशों से 171 साइक्लिस्ट हिस्सा लेंगे। यूसीआई 2.2 श्रेणी की किसी भी रेस में यह अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी मानी जा रही है।

पांच दिनों तक चलने वाली इस रेस में पांच महाद्वीपों के देश शामिल होंगे। कुल 437 किलोमीटर लंबी इस प्रतियोगिता में एक प्रोलॉग और चार मुख्य स्टेज रखे गए हैं। इस रेस में फ्रांस, ब्रिटेन, बेल्जियम, जर्मनी, नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रेलिया, चीन और थाईलैंड जैसे साइक्लिंग पावरहाउस देशों की टीमें भाग लेंगी। आमतौर पर यूसीआई 2.2 श्रेणी की रेस में अधिकतम 125 साइक्लिस्टों को अनुमति मिलती है, लेकिन पुणे ग्रैंड टूर 2026 में विशेष अनुमति के तहत 171 साइक्लिस्ट हिस्सा लेंगे। इनमें भारतीय टीम के 6 साइक्लिस्ट भी शामिल हैं, जिनका चयन ओडिशा में आयोजित हालिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आधार पर किया गया है।

### रेस के स्टेज इस प्रकार होंगे:

- **स्टेज 1:** मुलशी-मावल माइल्स (91.8 किमी)- हिंजवड़ी और आसपास के शहरी इलाकों से गुजरने वाली तेज और तकनीकी स्टेज।
- **स्टेज 2:** मराठा हेरिटेज सर्किट (109.15 किमी)- पुरंदर किला, सिंहगढ़ और खड़कवासला झील के आसपास की कठिन चढ़ाइयों वाली स्टेज।
- **स्टेज 3:** वेस्टर्न घाट्स गेटवे (137.07 किमी)- पुरंदर से बारामती तक फैली रणनीतिक और हाई-स्पीड स्टेज।
- **स्टेज 4:** पुणे प्राइड लूप (99.15 किमी)- शनिवार वाड़ा सहित शहर के ऐतिहासिक स्थलों से गुजरते हुए फाइनल स्टेज।

### पुणे जिला प्रशासन और महाराष्ट्र सरकार का सहयोग

- भारत में पहली बार होने जा रही पुणे ग्रैंड टूर 2026 साइक्लिंग रेस को पुणे जिला प्रशासन और महाराष्ट्र सरकार का पूरा समर्थन मिल रहा है। पुणे के कलेक्टर जीतेंद्र दुदी ने कहा, 'यह पुणे और भारत के लिए गर्व की बात है। हम यूसीआई एशिया टूर में नया मानक स्थापित कर रहे हैं। पुणे अपनी साइकिल कैपिटल की पुरानी पहचान वापस पा रहा है। टूर दे फ्रांस की 120 साल की विरासत से प्रेरित होकर, हम भारत का अपना प्रो टूर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।'
- इस रेस के टेक्निकल डायरेक्टर पिनाकी बायसैक ने कहा, 'यूसीआई 2.2 रेस में 171 राइडर्स का पेलोटन देखना अभूतपूर्व है। भारत में पहली बार ऐसा होना साइक्लिंग जगत के लिए बड़ा मौका है। पुणे की चुनौतीपूर्ण भौगोलिक संरचना और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर ने इसे संभव बनाया।'

## सरफराज लिस्ट-ए में सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले भारतीय



### विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई से 20 बॉल पर 62 रन बनाए, गायकवाड-जगदीशन के शतक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मुंबई के बैटर सरफराज खान लिस्ट ए में सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने गुरुवार को विजय हजारे ट्रॉफी में पंजाब के खिलाफ 15 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। हालांकि, अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

जयपुर में खेले गए मुकाबले में पंजाब ने मुंबई पर एक रन की रोमांचक जीत दर्ज की। उसने 45.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 216 रन बनाए। फिर मुंबई को 26.2 ओवर में 215 रन पर ऑलआउट कर दिया। मयंक मारकंडे और गुरनूर बरार ने 4-4 विकेट झटके।

गायकवाड ने वीएचटी में सबसे ज्यादा शतकों की बराबरी की जयपुर में महाराष्ट्र के कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने गोवा के खिलाफ नाबाद 134 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में 15वां शतक लगाया। इसी के साथ गायकवाड ने सबसे ज्यादा शतक के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। महाराष्ट्र के अंकित बवाने ने भी 15 शतक लगाए हैं। इस मैच में महाराष्ट्र ने गोवा को 5 रन से हराया। जयपुर में खेले गए अन्य मैचों में हिमाचल प्रदेश ने सिक्किम को 9 विकेट से हराया। जबकि, छत्तीसगढ़ ने उत्तराखंड को 7 रन से हराया। यूपी लगातार 7 जीत से क्वार्टर फाइनल पहुंचा, एमपी भी टॉप-8 में ग्रुप ए से कर्नाटक और मध्यप्रदेश की टीमों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जबकि ग्रुप बी से उत्तर प्रदेश और विदर्भ की टीमें टॉप-8 में पहुंचीं।

# बैडमिंटन-सिंधु ने 2 महीने बाद जीत से वापसी की

### मलेशिया ओपन में चीनी ताइपे की खिलाड़ी को हराया




ब्रह्मास्त्र ▸▸ कुआलालंपुर

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने करीब 2 महीने के बाद कोर्ट में जीत से वापसी की। 30 साल की सिंधु ने मलेशिया ओपन में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन को 51 मिनट में 21-14, 22-20 से हराया। वे पिछले साल अक्टूबर में पैर की चोट से उबरने के लिए वर्ल्ड टूर से हट गई थीं। उनके अलावा, लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग की जोड़ी ने भी अपने-अपने मैच जीत लिए।

कुआलालंपुर में चल रहे इस सुपर 1000 टूर्नामेंट में सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे के यांग पो ह्सुआन और ली झे-हुए को 35 मिनट में 21-13 21-15 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा। सिंधु की रोमांचक जीत, अब मियाजाकी से मुकाबला वर्ल्ड नंबर-18 रैंकिंग सिंधु ने सुंग को दूसरी बार हराया। अब उनका रिकॉर्ड 2-0 का है। सिंधु ने पहले गेम में 6-2 की बढ़त हासिल कर ली और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्हें दूसरे गेम में संघर्ष करना पड़ा। वे एक समय 4-11 से पीछे चल रही थीं। इसके बाद वापसी की। उन्होंने 20-20 के स्कोर के बाद अगले दो अंक हासिल करके मैच जीत लिया।

प्री-क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला विश्व में नौवें नंबर की जापानी खिलाड़ी टोमोका मियाजाकी से होगा। मियाजाकी जब 21-19, 1-2 से आगे चल रही थी, तब साउथ कोरिया की उनकी प्रतिद्वंदी सिम यू जिन चोटिल होने के कारण मुकाबले से हट गई थी, जिससे जापान की खिलाड़ी अगले दौर में जगह बनाने में सफल रही। सात्विक-चिराग ने चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया सात्विक और चिराग का अपनी प्रतिद्वंद्वी जोड़ी के खिलाफ 6-0 का शानदार रिकॉर्ड था, जिसे उन्होंने और बेहतर किया।

## श्रीलंका के बैटिंग कोच बने विक्रम राठौर



### 18 जनवरी से 10 मार्च तक जिम्मेदारी संभालेंगे, 5 साल तक भारत के कोच भी रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

टीम इंडिया के पूर्व बैटिंग कोच विक्रम राठौर अब श्रीलंका के बैटिंग कोच बन गए हैं। श्रीलंका क्रिकेट ने बताया कि टी-20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए राठौर को सलाहकार कमेटी का हिस्सा बनाया। वर्ल्ड कप 7 फरवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। राठौर 18 जनवरी से 10 मार्च तक श्रीलंका टीम के साथ रहेंगे।

श्रीधर भी श्रीलंका के कोचिंग स्टाफ में शामिल भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर भी श्रीलंका टीम के साथ जुड़े हैं। उन्हें पिछले महीने ही टीम ने कोचिंग सेट-अप का हिस्सा बनाया था। श्रीधर और राठौर दोनों को ही वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए टीम के साथ जोड़ा गया। आईसीसी टूर्नामेंट खत्म होने के बाद दोनों का कार्यकाल भी खत्म हो जाएगा। 5 साल तक टीम इंडिया के कोच रहे राठौर सितंबर 2019 से जुलाई 2024 तक टीम इंडिया के बैटिंग कोच भी रह चुके हैं। इस दौरान रवि शास्त्री और राहुल द्रविड़ टीम के हेड कोच रहे।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547



अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### वित्त वर्ष 2027 में

## जीडीपी की रफ्तार धीमी होकर 6.8% रहने का अनुमान




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी 7.4% की दर से बढ़ने का अनुमान है, यह पिछले साल के 6.5% से अधिक है। मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में तेजी इसका मुख्य कारण रहेगी। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर में वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान नरमी नरम पड़ सकती है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म गोल्डमैन सैक्स ने एक ताजा रिपोर्ट में यह बात कही है। इसके मुताबिक, वित्त वर्ष 2027 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर गिरकर 6.8 प्रतिशत पर आ सकती है। यह अनुमान वित्त वर्ष 2026 के लिए गोल्डमैन सैक्स की ओर से लगाए गए 7.3 प्रतिशत के अनुमान से कम है। हालांकि, सरकार की ओर से बुधवार को जारी किए गए राष्ट्रीय खातों के आंकड़ों में वित्त वर्ष 2026 के लिए विकास दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, यह ब्रोकरेज फर्म के अनुमान से थोड़ा अधिक है। गोल्डमैन सैक्स की रिपोर्ट में कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2027 के लिए 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट में साफ किया गया है कि हाल के वर्षों में निजी क्षेत्र का पूंजीगत खर्च या नया निवेश, जो विकास को गति देने में सहायक होता है, वह सुस्त रहा है। इसके अलावा अमेरिका के टैरिफ ने 2025 में पूंजीगत व्यय पर नकारात्मक असर डाला है। मौद्रिक नीति के मोर्चे पर राहत की उम्मीदें सीमित नजर आ रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2026 में हेडलाइन मुद्रास्फीति 3.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो भारतीय रिजर्व बैंक के 4 प्रतिशत के लक्ष्य के बेहद करीब है।

### जीटीआरआई ने आयात निर्भरता पर यह कहा

# गहनों को छोड़ अब उद्योग और ग्रीन एनर्जी की जरूरत कैसे बन रही चांदी?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जीटीआरआई के मुताबिक चांदी अब केवल आभूषण या निवेश की धातु नहीं रही, बल्कि उद्योग और हरित ऊर्जा के लिए बेहद जरूरी बन चुकी है। भारत फिलहाल रिफाइंड चांदी का बड़ा आयातक है और प्रोसेसिंग में पीछे है, जबकि चीन कच्ची चांदी आयात कर उसे प्रोसेस कर उच्च मूल्य वाले उत्पाद निर्यात करता है।

चांदी अब सिर्फ आभूषण या निवेश तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह उद्योग और ऊर्जा संक्रमण की एक रणनीतिक धातु बन चुकी है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के अनुसार, भारत को चांदी को 'कीमती धातु' के नजरिये से देखने के बजाय इसे एक अहम औद्योगिक और ऊर्जा-संबंधी इनपुट मानकर नीति बनानी चाहिए। इसके लिए भारत को दीर्घकालिक विदेशी खनन आपूर्ति सुनिश्चित करने, घरेलू स्तर पर रिफाइनिंग और रीसाइक्लिंग क्षमता बढ़ाने, तैयार चांदी के आयात पर निर्भरता कम करने और आयात स्रोतों में विविधता लाने पर फोकस करना होगा।

**वैश्विक स्तर पर चांदी की प्रोसेसिंग में चीन का दबदबा-** रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर चांदी की प्रोसेसिंग में चीन का दबदबा है। चीन दुनिया भर से चांदी के अयस्क और कंसन्ट्रेट्स का बड़ा हिस्सा आयात कर उन्हें घरेलू स्तर पर रिफाइन करता है और फिर इलेक्ट्रॉनिक्स, मेडिकल डिवाइस और सोलर पैनल जैसे उच्च मूल्य वाले उत्पादों के रूप में निर्यात करता है। इसके विपरीत, भारत बड़ी मात्रा में रिफाइंड चांदी आयात करता है। 2024 में भारत ने करीब 6.4 अरब डॉलर की रिफाइंड चांदी आयात की, जिससे वह दुनिया का सबसे बड़ा तैयार चांदी का उपभोक्ता बन गया, न कि प्रोसेसर।



### भारत की आयात निर्भरता लगातार बढ़ रही

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव के मुताबिक, भारत की आयात निर्भरता लगातार बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2025 में जहां चांदी उत्पादों का निर्यात 478.4 मिलियन डॉलर रहा, वहीं आयात 4.83 अरब डॉलर तक पहुंच गया। साल 2025 में यह निर्भरता और तेज हुई। अक्टूबर में अकेले 2.7 अरब डॉलर का आयात दर्ज किया गया, जो साल-दर-साल आधार पर 529 प्रतिशत की छलांग है। जनवरी से नवंबर 2025 के बीच कुल आयात 8.5 अरब डॉलर रहा और पूरे साल के लिए इसके 9.2 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

### वैश्विक परिदृश्य में चांदी की आपूर्ति सुरक्षा है अहम

रिपोर्ट में चेताया गया है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में चांदी की आपूर्ति सुरक्षा उतनी ही अहम होती जा रही है जितनी ऊर्जा सुरक्षा। खासतौर पर तब, जब चीन ने 1 जनवरी 2026 से चांदी के निर्यात को लाइसेंस-आधारित प्रणाली में डाल दिया है। अब केवल सरकारी मंजूरी प्राप्त कंपनियां ही चांदी का निर्यात कर सकेंगी। यह पूर्ण प्रतिबंध नहीं है, लेकिन इससे वैश्विक आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता बढ़ी है और कीमतों में उतार-चढ़ाव तेज हुआ है।

**चांदी की रणनीतिक अहमियत तेजी से बढ़ रही है-** जीटीआरआई का कहना है कि चांदी की रणनीतिक अहमियत तेजी से बढ़ रही है क्योंकि वैश्विक मांग का 55-60 प्रतिशत हिस्सा अब औद्योगिक उपयोग से आता है। इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर पावर, इलेक्ट्रिक वाहन, रक्षा और चिकित्सा तकनीकों में चांदी की भूमिका लगातार बढ़ रही है। सोलर फोटोवोल्टिक सेल्स में चांदी एक महत्वपूर्ण कंडक्टिव सामग्री है और अकेले सोलर सेक्टर की हिस्सेदारी वैश्विक मांग में करीब 15 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जो आगे और बढ़ने की संभावना है।

**दो दशकों में चांदी के वैश्विक व्यापार में तेज विस्तार -** रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो दशकों में चांदी के वैश्विक व्यापार में तेज विस्तार हुआ है। जहां वर्ष 2000 में चांदी अयस्क और कंसन्ट्रेट्स का व्यापार महज 0.1 अरब डॉलर था, वहीं 2024 तक यह बढ़कर 6.27 अरब डॉलर हो गया। रिफाइंड चांदी का व्यापार इससे भी तेज गति से बढ़ा है। ऐसे में जीटीआरआई का निष्कर्ष है कि भारत को चांदी को भविष्य की औद्योगिक और ऊर्जा रणनीति का अहम हिस्सा बनाना होगा, ताकि बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बीच आपूर्ति और मूल्य दोनों स्तरों पर देश की स्थिति मजबूत हो सके।

### 28 जनवरी से

## शुरू हो सकता है बजट सत्र, वित्त मंत्री 1 फरवरी को पेश करेंगी आम बजट



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आगामी बजट सत्र की तारीखों को लेकर संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक हुई है। बैठक में संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया है। हालांकि अभी तारीखों का आधिकारिक तौर पर सरकार की ओर से एलान नहीं किया गया है। केंद्र सरकार एक फरवरी को आम बजट पेश कर सकती है। संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति की बुधवार को बैठक हुई। बैठक में संसद के आगामी बजट सत्र की तारीखों का प्रस्ताव रखा गया।राजनीतिक मामलों पर कैबिनेट समिति ने संसद के बजट सत्र की शुरूआत 28 जनवरी से करने और 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करने का प्रस्ताव रखा है। सूत्रों के अनुसार, इन तारीखों पर अभी अंतिम फैसला लिया जाना बाकी है और जल्द ही इसकी औपचारिक घोषणा हो सकती है। बजट सत्र दो हिस्सों में आयोजित किया जाता है। पहले और दूसरे हिस्से के बीच अवकाश रखा जाता है, ताकि संसदीय स्थायी समितियां विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगों की जांच कर सकें। सूत्रों ने बताया कि बैठक में बजट सत्र की शुरूआत के लिए 28 जनवरी और 31 जनवरी, दो संभावित तारीखों पर चर्चा हुई, जिनमें से किसी एक पर अंतिम निर्णय जल्द लिया जाएगा। आम तौर पर संसद का बजट सत्र जनवरी के आखिरी सप्ताह में ही शुरू होता है। माना जा रहा है कि 29 जनवरी को आर्थिक सर्वेक्षण को सदन के पटल पर रखा जाएगा। इसके अगले चरण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी।

### रबी सीजन के लिए सरकार ने बढ़ाई उर्वरक सब्सिडी

# 37952 करोड़ का अनुमान, डीएपी पर विशेष फोकस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रबी सीजन 2025-26 के लिए सरकार ने 37,952 करोड़ रुपये की उर्वरक आवश्यकता का अनुमान लगाया है। डीएपी सब्सिडी बढ़कर 29,805 रुपये प्रति टन कर दी गई है। जानें एनबीएस योजना और किसानों पर इसके प्रभाव के बारे में।

वैश्विक बाजार में कच्चे माल की कीमतों में अनिश्चितता और किसानों को महंगाई से बचाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने रबी सीजन 2025-26 के लिए उर्वरक सब्सिडी में बढ़ोतरी की है। सरकार ने इस सीजन के लिए 37,952 करोड़ रुपये की अनुमानित उर्वरक आवश्यकता तय की है, जो खरीफ 2025 सीजन के मुकाबले करीब 736 करोड़ रुपये अधिक है। यह कदम न केवल बुवाई के आगामी सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, बल्कि मृदा स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण नीतिगत पहल है।

**डीएपी सब्सिडी में भारी बढ़ोतरी-** सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उर्वरकों और कच्चे माल की अस्थिर कीमतों को देखते हुए की गई है। किसानों पर लागत का बोझ न पड़े, इसके लिए सरकार ने पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना के तहत सब्सिडी दरों में, विशेषकर डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) के लिए, भारी वृद्धि की है। डीएपी पर सब्सिडी पिछले वर्ष के 21,911 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 29,805 रुपये प्रति टन कर दी गई है। इस निर्णय का सीधा लाभ गेहूं, तिलहन और दालों की खेती करने वाले किसानों को मिलेगा, क्योंकि रबी सीजन इन फसलों की बुवाई का मुख्य समय होता है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पीक सीजन के दौरान किसानों को किफायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध होते रहें।



### एनबीएस योजनाः संतुलित खेती की ओर बड़ा कदम

पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना, जिसे भारत सरकार ने 1 अप्रैल 2010 से लागू किया था, उर्वरक क्षेत्र में एक बड़ा नीतिगत बदलाव मानी जाती है। पुरानी व्यवस्था के विपरीत, जो यूरिया के अत्यधिक उपयोग को प्रोत्साहित करती थी, एनबीएस ढांचा उर्वरकों में मौजूद पोषक तत्वों- नाइट्रोजन (एन), फॉस्फोरस (पी), पोटाश (के) और सल्फर (एस)- के आधार पर सब्सिडी तय करता है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना है। गौरतलब है कि वर्षों तक नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग ने कई क्षेत्रों में मिट्टी की सेहत को खराब किया है और उपज में वृद्धि को सीमित कर दिया है। एनबीएस योजना द्वितीयक और सूक्ष्म पोषक तत्वों (माइक्रोन्यूट्रिएंट्स) के उपयोग को बढ़ावा देकर मृदा क्षरण और पोषक तत्वों के असंतुलन की समस्या का समाधान करती है।

### रिलायंस के रूसी तेल नहीं खरीदने से

# कई वर्षों में सबसे कम रहेगा आयात दावा- तीन हफ्तों से नहीं पहुंची खेप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने रूस से तेल खरीदने के दावे को खारिज कर दिया है और बयान जारी कर कहा है कि बीते तीन हफ्ते से रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी में रूसी तेल की कोई खेप नहीं पहुंची है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के रूस से कच्चे तेल नहीं खरीदने से जनवरी में रूसी तेल का आयात कई वर्षों के निचले स्तर पर आ सकता है। रिलायंस ने कहा, उसे रूस से तेल की कोई भी खेप जनवरी में मिलने की उम्मीद नहीं है। रिलायंस का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रविवार को दी गई उस चेतावनी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि रूस से तेल खरीदने के कारण अमेरिका भारत पर आयात शुल्क और बढ़ा सकता है। रिलायंस ने सोशल मीडिया पर कहा, पिछले तीन सप्ताह से रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामनगर रिफाइनरी में रूसी तेल की कोई खेप नहीं पहुंची है।

दरअसल, 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत रियायती दरों पर मिलने वाले रूसी समुद्री कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बनकर उभरा। तब से अब तक भारत ने रूस से 144 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल खरीदा है। इस दौरान चीन रूस से 210.3 अरब यूरो का क्रूड आयात कर सबसे बड़ा खरीदार बन गया है। भारत दूसरे स्थान पर है। इन खरीदों ने पश्चिमी देशों की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया को जन्म दिया है, जिन्होंने रूस के ऊर्जा क्षेत्र पर प्रतिबंध लगाकर उसे निशाना बनाया है। उनका तर्क है कि तेल राजस्व से मॉस्को के युद्ध प्रयासों को वित्त पोषित करने में मदद मिलती है। अमेरिका ने पिछले साल रूसी तेल की भारी खरीद के लिए दंड के रूप में भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क दोगुना करके 50 फीसदी कर दिया था।

**रूसी कच्चे तेल का उपयोग बंद**

20 नवंबर, 2025 को रिलायंस ने कहा था कि उसने यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों का अनुपालन करने के लिए गुजरात के जामनगर स्थित अपनी निर्यात आधारित रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का उपयोग बंद कर दिया है। रिलायंस भारत में रूस से तेल खरीदने वाली सबसे बड़ी कंपनी थी।

## प. बंगाल गर्वनर को बम ब्लास्ट की धमकी का ई-मेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को गुरुवार देर रात ई-मेल के जरिए जान से मारने की धमकी दी गई। लोक भवन के सीनियर अफसर धमकी की पुष्टि की है। अधिकारी के मुताबिक ई-मेल में राज्यपाल को बम से उड़ा देने की धमकी दी गई है। धमकी भेजने वाले ने ई-मेल में अपना मोबाइल नंबर भी लिखा है। अधिकारी ने कहा- हमने डीजीपी को जानकारी दी है। आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं। सीएम ममता और गृह मंत्रालय को भी घटना की जानकारी दी गई है। राज्य पुलिस और सीआरपीएफ के 60-70 जवान राज्यपाल बोस की सुरक्षा में तैनात हैं।

राज्यपाल बोस को धमकी की घटना उस वक्त हुई है जब राज्य में सियासी तूफान उठा हुआ है। 8 जनवरी को ED ने TMC के सोशल मीडिया हेड के ठिकानों पर रेड मारी है। उट ममता ने इसे राजनीति से प्रेरित बताया हैं। इस पर राज्यपाल ने कहा है कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है कि वह संविधान में सहयोग करे। किसी लोक सेवक को उसके कर्तव्य से रोकना दंडनीय अपराध है।

### भाजपा बोली- ममता बनर्जी नाकामयाब नेता

भाजपा IT सेल के हेड अमित मालवीय ने कहा- ममता बनर्जी के राज में आपका स्वागत है, जहां गवर्नर भी सुरक्षित नहीं हैं। पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। गृह मंत्री, ममता बनर्जी, कोयला तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी एक प्राइवेट फर्म को बचाने के लिए एऊ से सबूत वाली फाइलें छीनने में व्यस्त हैं। ममता बनर्जी एक पूरी तरह से नाकामयाब नेता हैं।

राज्य सरकार ने आरोप लगाया कि राज्यपाल कई विधेयकों पर मंजूरी में देरी कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने इसे ह्यलोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा' बताया था। राज्यपाल का पक्ष था कि विधेयकों की संवैधानिक जांच जरूरी है। इससे सरकार-राज्यपाल संबंध और तनावपूर्ण हुए।

## मध्यप्रदेश में कोहरे के चलते 12 ट्रेनें लेट,

# बिहार में सर्दी से 1000 बच्चे बीमार, 3 की मौत; उत्तराखंड में ओस जमी, चकराता में तापमान -1$^0$

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



मध्य प्रदेश के 17 जिलों में शुक्रवार को कोहरा छाया रहा। इस वजह से दिल्ली से भोपाल, इंदौर-उज्जैन आने वाली एक दर्जन ट्रेनें लेट हैं। छतरपुर का खजुराहो सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 3.2 डिग्री दर्ज किया गया। रीवा में 4.1 डिग्री, दतिया में 4.2 डिग्री, नौगांव-शिवपुरी में 5 डिग्री, उमरिया में 5.4 डिग्री और पचमढ़ी में 5.8 डिग्री रहा।

बिहार के पटना में सर्दी के कारण 7 दिनों में 1000 से ज्यादा बच्चे बीमार होकर अस्पताल पहुंचे, जिनमें से 3 की मौत हो गई। 15 जिलों का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया। गयाजी शहर सबसे ठंड रहा, जहां टेंपरेचर 4.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में पाला गिरने से ठंड बढ़ गई है, जिससे चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ में पानी की पाइपलाइन जम गई है। तो वहीं देहरादून के चकराता में तापमान -1त्उ दर्ज किया गया है। यहां आज सुबह ओस जमी दिखी।

राजस्थान में कोहरा कम होने के बाद बर्फीली हवा का असर तेज हो गया है। सबसे ज्यादा ठंडा शहर सीकर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं, रेगिस्तानी इलाकों में भी कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई। सर्दी के चलते 25 जिलों में स्कूलों में छुट्?टी रहेगी।

मध्यप्रदेश का उत्तरी हिस्सा घने कोहरे के आगोश में है। शुक्रवार सुबह ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा और शहडोल संभाग के 17 जिलों में मध्यम से घना कोहरा है। इस वजह से दिल्ली से भोपाल, इंदौर-उज्जैन आने वाली एक दर्जन ट्रेनें लेट हैं।

दूसरी ओर दतिया-रीवा समेत 7 जिलों में आज कोल्ड वेव, यानी शीतलहर का अलर्ट है। इससे पहले गुरुवार को ग्वालियर-दतिया में दिन का तापमान 12 डिग्री से नीचे रहा। सीजन में पहली बार हुआ, जब दिन-रात के तापमान में थोड़ा-बहुत ही अंतर रहा। मौसम विभाग के अनुसार, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, मऊगंज और शहडोल में कोल्ड वेव चलेगी। शहडोल में कोल्ड डे यानी, ठंडा दिन भी रहेगा। इससे पहले गुरुवार को भी प्रदेश में घना कोहरा और तेज ठंड का असर बरकरार रहा। अधिकांश शहरों में पारे में गिरावट हुई। मौसम विभाग के अनुसार, छतरपुर का खजुराहो सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 3.2 डिग्री दर्ज किया गया। रीवा में 4.1 डिग्री, दतिया में 4.2 डिग्री, नौगांव-शिवपुरी में 5 डिग्री, उमरिया में 5.4 डिग्री और पचमढ़ी में 5.8 डिग्री रहा। बाकी शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे ही दर्ज किया गया। वहीं मुरैना में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कलेक्टर ने कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूलों की छुट्टियां 9 और 10 जनवरी तक बढ़ा दी हैं।

### कल भी मौसम बदला रहेगा

मौसम विभाग के मुताबिक, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा और मऊगंज में शनिवार को कोहरा छाया रहेगा। इसके बाद मौसम साफ होगा और अधिकतम-न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है।

### एमपी में दिन रात जैसे ठंडे...ग्वालियर में 10.4 डिग्री पारा

मध्यप्रदेश में दिन, रात जैसे ठंडे हो गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को ग्वालियर में एक ही दिन में पारा 7.8 डिग्री लुढ़ककर 10.4 डिग्री पर पहुंच गया, जो न्यूनतम तापमान से सिर्फ 4.3 डिग्री ही ज्यादा रहा। दतिया में पारा 11.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, नौगांव में 14.5 डिग्री, खजुराहो में 14.7 डिग्री, श्योपुर में 17.4 डिग्री, टीकमगढ़ में 17.5 डिग्री, रीवा में 18.5 डिग्री, सतना में 19.4 डिग्री, सीधी में 20.4 डिग्री, पचमढ़ी में 20.8 डिग्री, गुना-दमोह में 22 डिग्री, मलाजखंड में 23 डिग्री, नरसिंहपुर-सागर में 23.4 डिग्री पहुंच गया। मुरैना में रात का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूरे जिले में घना कोहरा छाया हुआ है और कंपकंपाने वाली सर्दी लोगों को परेशान कर रही है। हालात को देखते हुए कलेक्टर ने कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूलों की छुट्टियां 9 और 10 जनवरी तक बढ़ा दी हैं। प्रशासन ने डायबिटीज और हार्ट के मरीजों को खासतौर पर सावधानी बरतने और अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है।

### चकराता में ओस जमी, 7 शहरों का तापमान माइनस में



उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में पाला गिरने से ठंड बढ़ गई है, जिससे चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ में पानी की पाइपलाइन जम गई है। तो वहीं देहरादून के चकराता में तापमान -1त्उ दर्ज किया गया है, जिससे यहां पानी जमने लगा है। यहां आज सुबह ओस जमी दिखी। मौसम विभाग के मुताबिक, आज यानी 9 दिसंबर को हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, पौड़ी और देहरादून के निचले इलाकों में कोहरा छाया रहेगा। इसके अलावा लगातार दो दिन से 2 शहरों का तापमान -21$^0$ दर्ज किया गया है, जिसमें पिथौरागढ़ का आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग का केदारनाथ धाम शामिल है। तो इधर उत्तरकाशी का यमुनोत्री धाम का तापमान -16$^0$, मुनस्यारी में -8$^0$, बद्रीनाथ में -17$^0$, हेमकुंड साहिब में -10$^0$, और हर्षिल में -14 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। उत्तराखंड में शुष्क मौसम के बावजूद ठंड का प्रकोप जारी है। आज भी प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। ऊधम सिंह नगर, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत ,नपौड़ी और देहरादून कि मैदानी क्षेत्रों में कहीं-कहीं घना कोहरा छाने की संभावना है। जिसके लिए यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। 12 जनवरी तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा।

## पिछले 6 महीने में आग लगने की 6 बड़ी घटनाओं में 145 लोगों की जान गई


# गडकरी बोले- अब स्लीपर बस भी कंपनियां बनाएंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि अब स्लीपर बसों का निर्माण केवल ऑटोमोबाइल कंपनियां या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान ही कर सकेंगे।

गुरुवार को उन्होंने कहा कि मौजूदा स्लीपर बसों को भी नए सुरक्षा मानकों के साथ अपडेट करना होगा। ये फैसला स्लीपर कोच बसों में लगातार बढ़ती आग की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए लिया गया है। गडकरी ने बताया कि पहले से चल रही स्लीपर कोच बसों में फायर डिटेक्शन सिस्टम, आपातकालीन निकास (हैमर सहित), इमरजेंसी लाइटिंग और ड्राइवर ड्रोजीनेस (नींद आने की चेतावनी) इंडिकेटर लगाना अनिवार्य होगा।

उन्होंने कहा कि बीते 6 महीनों में स्लीपर कोच बसों से जुड़े आग लगने के 6 बड़े हादसे सामने आए हैं, जिनमें 145 लोगों की जान गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का बस बॉडी कोड अक्र-052 एक अनिवार्य मानक है, जो देश में बनने वाली सभी बस बॉडी के लिए सुरक्षा, संरचना और डिजाइन से जुड़े मानक तय करता है।



इस कोड को पहले से असंगठित रहे बस बॉडी-बिल्डिंग सेक्टर को कंट्रोल करने, यात्रियों और चालकों की सुरक्षा बढ़ाने और बस कोच प्रोडक्शन में समानता लाने के लिए लागू किया गया था।

गडकरी ने कहा कि मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवेज ने संशोधित बस बॉडी कोड को 1 सितंबर 2025 से लागू कर दिया है, ताकि सड़क परिवहन में सुरक्षा मानकों को और सख्त किया जा सके।

### इसका मोटिव है

बसों के बॉडी डिजाइन, संरचना और सुरक्षा मानकों को एक समान रूप से निर्धारित करना। यात्रियों की सुरक्षा, आराम, सामान्य आयाम और आपातकालीन साधनों (जैसे आपात निकास) के नियम तय करना। बसें ऐसी हों कि वे सुरक्षित, मजबूत और आरामदायक हों तथा यात्री परिवहन के लिए मानकों के अनुरूप हों।

**इसमें क्या शामिल है?** बस बॉडी की डिजाइनिंग और मूल रूपरेखा, आयाम, सीट व्यवस्था, गैंगवे (चालक से पिछली सीट तक मार्ग) इमरजेंसी एग्जिट गेट, सीटें, लेदर की मजबूती, सुरक्षा सुविधाएं जैसे- हैंडल, इमरजेंसी एग्जिट,. अप्रूवल प्रोसेस कि किस तरह बस बॉडी को प्राधिकरण वैध मानेगा


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार द्वारा 1- राजेश मालवीय पिता श्री तेजराम मालवीय 2-श्रीमती सोना मालवीय पति श्री राजेश मालवीय, निवासीगण 259, ग्राम चंदेसरी, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति भूखण्ड क्रमांक 284, जो की शिवांश वेली एक्सटेंशन कालोनी, ग्राम चंदेसरी तहसील व जिला उज्जैन में अंदर की ओर स्थित हैं। भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 67.10 वर्गमीटर है जिसके पूर्व दिशा में सड़क कालोनी की, पश्चिम दिशा में - भूखण्ड क्रमांक 319, उत्तर दिशा में - भूखण्ड क्रमांक 283 एवं दक्षिण दिशा में - भूखण्ड क्रमांक 285 हैं। उक्त संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया जाकर सौदा चिट्ठी निष्पादित कर आशंकी राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त संपत्ति का अनुबंध पत्र या विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 03 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मैरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। ईति दिनांक 08-01-2026

**सौरभ जैन, (चौरड़िया) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो. नं. 96177-77776**

### तेहरान एयरपोर्ट, इंटरनेट-फोन सर्विस बंद

# ईरान के 100 शहरों में महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन: पुलिसकर्मी की हत्या, 45 की मौत;

ब्रह्मास्त्र ›› ईरान

ईरान में महंगाई के खिलाफ 10 दिनों से चल रहे प्रदर्शन के बीच गुरुवार रात को हालात और खराब हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में 100 से ज्यादा शहरों में प्रदर्शन फैल चुका है।

प्रदर्शनकारियों ने सड़कें ब्लॉक कीं, आग लगाई। लोगों ॅखामेनेई को मौतॅ और ॅइस्लामिक रिपब्लिक का अंत हुआॅ जैसे नारे लगाए। कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारी क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी के समर्थन में रहे। उन्होंने 'यह आखिरी लड़ाई है, शाह पहलवी लौटेंगे' के नारे लगा रहे थे।

अमेरिकी ह्यूमन राइट एजेंसी के मुताबिक, प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में अब तक 45 लोग मारे गए हैं, जिनमें 8 बच्चे शामिल हैं। एक पुलिस अधिकारी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। जबकि 2,270 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है।

फिलहाल देशभर में इंटरनेट और फोन सेवाएं बंद कर दी गई हैं। वहीं, तेहरान एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है और सेना को अलर्ट पर रखा गया है। सुरक्षा बलों ने गोली चलाई, अस्पतालों पर छापे मारे और घायलों को गिरफ्तार किया। दूसरी तरफ, सरकारी मीडिया का कहना है कि 5 सुरक्षा कर्मी भी मारे गए और सैकड़ों पुलिस वाले घायल हुए।

तेहरान में बाजार बंद रहे, छात्रों ने यूनिवर्सिटी कैंपस पर कब्जा किया। इसके तुरंत बाद सरकार ने पूरे देश में इंटरनेट और फोन लाइनें काट दीं, जिसे इंटरनेट वॉचडॉग नेटब्लॉक्स ने हिंसक दमन की तैयारी बताया। फिर भी कुछ लोग स्टारलिंक जैसे तरीकों से वीडियो पोस्ट कर रहे हैं।

गुरुवार को प्रदर्शन और तेज हो गए जब निर्वासित प्रिंस रेजा पहलवी ने लोगों से सड़कों पर उतरने की अपील की। रेजा पहलवी ईरान के आखिरी शाह मोहम्मद रजा पहलवी के बेटे हैं। उनके पिता 1979 की इस्लामिक क्रांति के दौरान सत्ता से हटाए गए थे। युवराज पहलवी अभी अमेरिका में रह रहे हैं।

### महंगाई और बेरोजगारी कम करने में नाकाम रही सरकार

ये प्रदर्शन 2022 के बाद सबसे बड़े माने जा रहे हैं। उस समय 22 साल की महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में मौत के बाद पूरे देश में आंदोलन भड़क गया था। उन्हें हिजाब ठीक से न पहनने के आरोप में मोरैलिटी पुलिस ने पकड़ा था इस बार के प्रदर्शन की शुरूआत बाजार से हुई। अब लोग सिर्फ आर्थिक राहत नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था बदलने की मांग कर रहे हैं।

पत्रकार मसीह अलीनेजाद के मुताबिक, लोगों का मानना है कि इस्लामिक रिपब्लिक को सुधार नहीं, खत्म करना होगा। लोग बिना डर के प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि उनके पास खोने को कुछ नहीं बचा। राष्ट्रपति पेजेशकियन ने मदद का वादा किया था, लेकिन एक साल बाद भी महंगाई और बेरोजगारी कम नहीं हुई। प्रतिबंध, भ्रष्टाचार और विदेश नीति की वजह से अर्थव्यवस्था बर्बाद हो रही है। विशेषज्ञ कहते हैं कि सरकार के पास अब सिर्फ ताकत के इस्तेमाल का रास्ता बचा है, क्योंकि लोग सुधार और वादे पर भरोसा खो चुके हैं। ट्रम्प ने ईरान को धमकी दी इस अशांति के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने फिर धमकी दी है कि अगर प्रदर्शनकारियों को मारा गया तो अमेरिका, ईरान पर हमला करेगा। ट्रम्प ने कहा, मैंने उन्हें बता दिया है कि अगर वे लोगों को मारना शुरू करते हैं, जैसा कि वे अपने दंगों में अक्सर करते हैं, तो हम उन्हें बहुत जोरदार तरीके से निशाना बनाएंगे ह्र

देशभर में ग़ुस्से आक्रोश में है। इसका कारण



आर्थिक बदहाली रहा है। दिसंबर 2025 में ईरानी मुद्रा रियाल गिरकर करीब 1.45 मिलियन प्रति अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। साल की शुरूआत से रियाल की कीमत लगभग आधी हो चुकी है। यहां महंगाई चरम पर पहुंच गई है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 72% और दवाओं की कीमतों में 50% तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा सरकार द्वारा 2026 के बजट में 62% टैक्स बढ़ाने के प्रस्ताव ने आम लोगों में भारी नाराजगी पैदा कर दी है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान कुछ लोगों ने पत्थरबाजी भी की। ईरान



# रूस में केबल्स में उलझा हेलिकॉप्टर, दो की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› पर्म क्राय

रूस के पर्म क्राय इलाके में एक हेलिकॉप्टर के हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना आशातली-पार्क नाम के स्की और इंटरटेनमेंट क्षेत्र के पास हुई। हादसे में शामिल हेलिकॉप्टर रॉबिंसन फ्4 मॉडल का था, जो हल्के वजन का हेलिकॉप्टर होता है। हेलिकॉप्टर में सिर्फ दो ही लोग सवार थे और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में इल्यास गिमादुत्दीनोव शामिल थे, जो रूस के जाने-माने कारोबारी थे। वे ताट्रान्सकॉम नाम की लॉजिस्टिक्स कंपनी के मालिक और संस्थापक थे। यह कंपनी पर्म क्राय के साथ-साथ रूस के कई तेल और गैस उत्पादन वाले इलाकों में सामान ढोने का काम करती है। रिपोर्टों के मुताबिक, कंपनी का सालाना कारोबार अरबों रूबल का था। दूसरे मृतक एलमिर कोनाकॉव थे, जो इसी कंपनी में सीनियर पद पर काम कर रहे थे। उनकी जिम्मेदारी लंबी दूरी तक चलने वाले ट्रकों की देखरेख की थी। शुरूआती जांच और मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक, हेलिकॉप्टर स्की ढलान के पास काफी नीचे उड़ रहा था। इसी दौरान वह ऊपर से गुजर रही केबलों से टकरा गया। माना जा रहा है कि ये केबल स्की रिसॉर्ट की लिफ्ट या वहां मौजूद किसी अन्य ढांचे का हिस्सा थीं। केबल से टकराने के बाद हेलिकॉप्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह कुछ ही पलों में नीचे गिर गया।

### 43 साल की महिला ने नाबालिग लड़के से यौन संबंध बनाए, गिरफ्तार; पुलिस बोली- उसने विश्वासघात किया

ब्रह्मास्त्र ›› फ्लोरिडा

अमेरिका के फ्लोरिडा में एक 43 साल की महिला को एक 16 साल के लड़के के साथ यौन संबंध बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह उस लड़के के परिवार को पहले से जानती थी। यह पूरा मामला पिछले महीने दिसंबर में शुरू हुआ था। जब लड़के की मां ने उसके मोबाइल पर कुछ वीडियो देखे, तब उन्होंने तुरंत महिला को पहचान लिया।

पुलिस ने जांच की तो कई वीडियो मिले जिनमें महिला का चेहरा बिल्कुल साफ दिखाई दे रहा था। सबसे पुराना वीडियो 4 दिसंबर की रात का था। लड़के ने भी पुलिस को बताया कि वीडियो में वो खुद है। जब पुलिस ने मैरी इबारा से पूछताछ की तो उसने कुछ भी कबूल नहीं किया और आगे बात करने से मना कर दिया। मैरी इबारा को 5 जनवरी 2026 को गिरफ्तार किया गया। उस पर नाबालिग के साथ गैरकानूनी यौन संबंध का केस चल रहा है। पोल्क काउंटी के शेरिफ ग्रेडी जड ने कहा कि यह बहुत बड़ा विश्वासघात है। यह महिला परिवार की परिचित थी, लेकिन उसने एक बच्चे के साथ गलत काम किया। उसे अच्छी तरह पता था कि यह गलत है फिर भी उसने ऐसा किया।

### सीरिया के अलेप्पो में सरकारी सेना और कुर्द लड़ाकों की लड़ाई जारी, अब तक 9 की मौत, 55 घायल

सीरिया के अलेप्पो शहर में सरकारी सेना और कुर्द लड़ाकों की सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस (SDF) की लड़ाई में अब तक 9 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 55 घायल हैं। सीरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी साना के मुताबिक, घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

सरकारी पक्ष का आरोप है कि (SDF) ने रिहायशी इलाकों पर गोलाबारी की, जबकि रुऋक्र का कहना है कि वो हमलावर नहीं है और सरकारी समर्थित गुटों ने उनके इलाकों को निशाना बनाया है। इस हिंसा का सबसे बड़ा असर आम लोगों पर पड़ा है। अलेप्पो के अशरफियेह और शेख मकसूद इलाकों से एक लाख से ज्यादा लोग अपने घर छोड़कर सुरक्षित जगहों की ओर चले गए हैं। लोकल प्रशासन का कहना है कि लगातार गोलाबारी और डर के माहौल के कारण लोग अपना सब कुछ छोड़कर पलायन को मजबूर हो रहे हैं। कई परिवार खुले मैदानों, स्कूलों और अस्थायी शिविरों में शरण ले रहे हैं।

सीरिया की सरकारी मीडिया ने यह भी आरोप लगाया है कि रुऋक्र ने अलेप्पो यूनिवर्सिटी के छात्रावासों पर तोपों से हमला किया है। इन हमलों से छात्रों में दहशत फैल गई है और पढ़ाई पूरी तरह से ठप हो गई है। सीरिया की सरकार चाहती है कि पूरा देश एक ही सरकार और एक ही सेना का कंट्रोल रहे। वो नहीं चाहती की अलेप्पो जैसे बड़े और रणनीतिक शहर में किसी और कंट्रोल रहे। जबकि अलेप्पो के शेख मकसूद और अशरफियेह जैसे इलाकों पर (SDF) का कंट्रोल है।

# ट्रम्प के इशारों पर चल रही वेनेजुएला की सरकार

## कहा- यहां से तेल निकालकर दुनिया को बेचेंगे; अमेरिका कई साल राज करेगा

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने को कहा कि अमेरिका अब वेनेजुएला को चलाएगा और उसके विशाल तेल भंडार से सालों तक तेल निकालेगा। न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने बताया कि वेनेजुएला की अंतरिम सरकार ह्रजो भी जरूरी है, वह सब दे रही है ह्र

जब उनसे पूछा गया कि अमेरिका कितने समय तक वेनेजुएला पर सीधा कंट्रोल रखेगा। क्या यह तीन महीने होगा? छह महीने? एक साल? या उससे भी अधिक? इसपर उन्होंने कहा, ह्रयह तो समय ही बताएगा, लेकिन यह काफी लंबा समय होगा, शायद सालों तक।

ट्रम्प ने वेनेजुएला में चुनाव कब होंगे, इस पर कोई जानकारी नहीं दी। अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को लेकर भी ट्रम्प ने कोई सीधा जवाब नहीं




दिया। ट्रम्प ने कहा, मैं आपको यह नहीं बता सकता।


ट्रम्प ने कहा कि वह भविष्य में वेनेजुएला की यात्रा करना चाहेंगे। उन्होंने कहा, ह्रमुझे लगता है कि ऐसा समय जल्द आएगा जब मेरा वहां जाना सुरक्षित हो जाएगा। विदेश मंत्री बोले- वेनेजुएला के तेल को अनिश्चित काल तक कंट्रोल में रखेंगे ट्रम्प से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा था कि अमेरिका वेनेजुएला के तेल की बिक्री को अनिश्चित काल तक अपने कंट्रोल में रखेगा। रिपब्लिकन सांसदों ने ज्यादातर इस कदम का समर्थन किया है, लेकिन डेमोक्रेट्स ने चेतावनी दी है कि बिना स्पष्ट कानूनी अधिकार के अमेरिका एक लंबे अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की ओर बढ़ रहा है। इंटरव्यू में ट्रम्प ने मादुरो की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज को वेनेजुएला की नई नेता मानने के सवाल का जवाब नहीं दिया

### ट्रम्प बोले- रोड्रिगेज के साथ बातचीत कर रहे हैं

ट्रम्प ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि उन्होंने मादुरो की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज को वेनेजुएला की नई नेता के रूप में मान्यता क्यों दी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने रोड्रिगेज से बात की है, तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। ट्रम्प ने कहा कि विदेश मंत्री रुबियो लगातार उनके संपर्क में हैं। मैं आपको बता दूं कि हम उनके और प्रशासन के साथ बातचीत कर रहे हैं। ट्रम्प ने यह भी नहीं बताया कि अमेरिका ने विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो का समर्थन क्यों नहीं किया, जबकि उनकी पार्टी ने 2024 में निकोलस मादुरो के खिलाफ चुनावी जीत का दावा किया था और हाल ही में नोबेल शांति पुरस्कार भी जीता।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कथा, गाथा-3
3. भगौना-3
5. पुष्पहार-2
6. वायदा, कसम-2
8. अभिष्ट इच्छापूर्ति, वर-4
11. योग्य, उपयुक्त-3
13. चिंतन, सोच-विचार-3
14. ताश का एक खेल-2
15. संजय दत्त की पहली फिल्म-2
16. चेहरा, शक्ल-3
18. चाकू, खंजर-3
20. उकसाना, चकमा देना-4
23. लक्ष, सौ हजार-2
25. ईश्वर, भगवान-2
26. विदा, गमन-3
27. लेखनी, पेन-3

### ऊपर से नीचे

1. हुनर, फन-2
2. शांति, वीराना-3
3. चिलमन, ओट, घूंघट-3
4. ज्वालामुखी से निकला गर्म पदार्थ-2
5. माजरा, मुद्दा-3
7. आंगन, बरामदा-3
9. भागना (अंग्रेजी-2)
10. चटपटा, क्षारीय-4
12. कारनामा, करिश्मा-4
16. अच्छे सुर का ज्ञाता-3
17. मालिक, स्वामी-2
19. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
21. बेदखल करना-3
22. फिज़ूल, व्यर्थ-2
24. गधा, गर्दभ-2
25. एक प्रकार की विदेश शराब-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 30 | | 50 | | 20 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 4 | | 45 | | 20 | = | 30 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 20 | | 2 | | 2 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 1 | | 20 | | 10 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 40 | | 14 | | 27 | | 20 | = | 40 / 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | व | र | सु | धे | ता | कृ | प | ला | नी | इ |
| न | सुं | क | ज | ई | ड़े | वे | ह | ति | म | श्त |
| अ | ध | आ | ज | य | ल | लि | ता | ह | प | उ |
| हु | रा | ल | मा | ज | ल | स | रा | ह | इ | मा |
| व | रा | य | ई | दे | वी | क | र | क | से | आ |
| द | जे | कि | र | क | दा | का | को | ड | क | र |
| शी | मा | दे | श | व | था | र | त | म | क | ती |
| ला | दे | श | शि | न | प | य | रा | घु | व | ला |
| दी | द्वि | ल | क | ले | दा | र | जा | या | वी | दे |
| शि | ज | ति | ला | हि | द | ह | मा | द | ल | र |
| त | र | सु | प | मा | स्थ | रा | ज | त | र | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | 7 | |
| 4 | 33 | 4 | 40 | 7 | 31 | 2 |
| | 2 | | 3 | 5 | | |
| 1 | 29 | 3 | 37 | 6 | 35 | 5 |
| | | 7 | 4 | | 5 | |
| 6 | 30 | 2 | 24 | 1 | 30 | 3 |
| | 6 | | 4 | | | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# बांग्लादेश को जेएफ 17 फाइटर जेट बेचने की तैयारी में पाकिस्तान

## दोनों देशों के एयरफोर्स चीफ ने बातचीत की; चीन की मदद से बनाया था विमान



**पाकिस्तान बांग्लादेश को जेएफ 17 थंडर फाइटर जेट बेचने की तैयारी में है। इसको लेकर दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों के बीच इस्लामाबाद में बातचीत हुई है। पाकिस्तानी सेना ने इसकी पुष्टि की है। बांग्लादेशी अखबार डेली स्टार के मुताबिक पाकिस्तान एयरफोर्स प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिधु और बांग्लादेश वायुसेना प्रमुख हसन महमूद खान के बीच बैठक हुई। इसमें जेएफ 17 थंडर लड़ाकू विमानों की संभावित बिक्री और रक्षा सहयोग पर चर्चा की गई।**

### JF-17 थंडर फाइटर जेट

सोर्स- idrw.org



पावर 19,000 LBF | लोड कैपिसिटी 4,000 KG

अधिकतम स्पीड 1,910 किमी/प्रति घंटा | कीमत ₹201 करोड़

- कॉम्बैट रेंज 2000 किमी है यानी ये बेस से उड़कर 2000 किमी दूर जाकर हमला करेगा और वापस लौट सकता है।
- SD-10A, PL-5EII और लेजर-गाइडेड बम जैसे हथियार लगे हैं, जो सेकेंड्स में टारगेट को तबाह कर सकते हैं।
- मल्टी मोड रडार से 100 किमी दूर भी टारगेट को ट्रैक करके हमला कर सकता है। हवा में रिफ्यूल भी हो जाता है।

# बांग्लादेश को ट्रेनर विमान भी देगा पाकिस्तान

### बांग्लादेश-पाकिस्तान के बीच बेहतर हो रहे रिश्ते

जनवरी 2025ः बांग्लादेशी लेफ्टिनेंट जनरल एस.एम. कमर-उल-हसन का पाकिस्तान दौरा। फरवरी 2025ः पहली बार सीधे व्यापार शुरू। पाकिस्तान से 50,000 टन चावल की खेप बांग्लादेश भेजी गई। अगस्त 2025ः पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ढाका पहुंचे। 13 साल में इस स्तर का पहला दौरा। सितंबर 2025ः मोहम्मद यूनुस और इशाक डार के बीच न्यूयॉर्क में बातचीत, डिप्लोमैटिक चैनल फिर सक्रिय। अक्टूबर 2025ः पाकिस्तान के दूसरे नंबर के आर्मी जनरल साहिर शमशाद मिर्जा बांग्लादेश गए, डिफेंस और सिक्योरिटी कोऑपरेशन पर बातचीत। अक्टूबर 2025ः दोनों देशों ने सैन्य सहयोग बढ़ाने, ट्रेनिंग एक्सचेंज और मिलिट्री-टू-मिलिट्री इंटरेक्शन बढ़ाने पर सहमति जताई। नवंबर 2025ः दोनों देशों के विदेश सचिवों के बीच ढाका में फॉरेन ऑफिस कंसलटेशन (ऋङउ) की 10 साल बाद बैठक। इसमें वीजा ढील, व्यापार और रक्षा मामलों पर लगातार बातचीत पर सहमति बनी। दिसंबर 2025ः दोनों देशों के बीच डायरेक्ट शिपिंग और बैंकिंग चैनल शुरू करने की घोषणा। पाकिस्तान के कराची पोर्ट और बांग्लादेश के चटगांव पोर्ट के बीच सीधा समुद्री संपर्क का रोडमैप तय हुआ।



रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने बांग्लादेश को सुपर मुश्शक ट्रेनर विमान की फास्ट-ट्रैक डिलीवरी का भरोसा भी दिया है। इसके साथ पायलट ट्रेनिंग और लॉन्ग-टर्म सपोर्ट सिस्टम उपलब्ध कराने की बात कही गई है। पाकिस्तानी सेना के मुताबिक, दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर भी चर्चा चल रही है। बांग्लादेश की ओर से इस संभावित सौदे पर अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हाल के महीनों में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच कूटनीतिक संपर्क बढ़े हैं।

### पाकिस्तान के साथ संबंध बढ़ा रहा बांग्लादेश

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में लगातार तनाव बना हुआ है। जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश के रिश्तों में लगातार सुधार आया है। मोहम्मद यूनुस अगस्त 2024 के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से दो बार मुलाकात कर चुके हैं। नवंबर 2024 में, 1971 के बाद पहली बार एक पाकिस्तानी कार्गो जहाज चटगांव बंदरगाह पहुंचा था। इसके अलावा अप्रैल 2025 में ढाका में 15 साल बाद दोनों देशों के विदेश सचिवों ने मुलाकात की थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने भी 27-28 अप्रैल को ढाका का दौरा किया था, जो 2012 के बाद पहली उच्च-स्तरीय यात्रा थी। इस दौरान दोनों देशों ने आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए समझौतों पर चर्चा की थी।




# रूस के खिलाफ प्रतिबंधों से जुड़े बिल को ट्रम्प की मंजूरी, अगले हफ्ते संसद में वोटिंग

## भारत पर 500% टैरिफ लगा सकता है अमेरिका

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दे दी है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक इस बिल में रूस से तेल खरीदने वाले देशों खासकर भारत, चीन और ब्राजील पर 500% तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने बताया कि उन्होंने बुधवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति से बातचीत की, जिसमें ट्रम्प ने संसद में बिल को पेश करने के लिए हरी झंडी दे दी। यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था। इसे अगले हफ्ते संसद में वोटिंग के लिए लाया जा सकता है। बिल का नाम 'सैंक्शनिंग रशिया एक्ट 2025' है। इसका मकसद उन देशों पर दबाव बनाना है, जो यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं। अमेरिका का आरोप है कि इससे रूस को युद्ध लड़ने में मदद मिल रही है।**

### क्या है सेंक्शनिंग रशिया एक्ट (SRA) 2025?

इस एक्ट के तहत रूस के ऊर्जा, बैंकिंग और डिफेंस सेक्टर्स को निशाना बनाया गया है। इसमें रूसी तेल-गैस कंपनियों, बड़े बैंकों, डिफेंस इंडस्ट्री और उनसे जुड़े ग्लोबल नेटवर्क पर सख्त पाबंदियों का प्रस्ताव है।

इसके साथ-साथ उन तीसरे देशों, कंपनियों या बैंकों पर भी सेकेंडरी सैंक्शन लगाने का प्रावधान है, जो रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद करते पाए जाएं। मतलब साफ है जो देश भी रूस के साथ घुमावदार रास्ते से कारोबार करेगा, वह भी अमेरिकी कार्रवाई की जद में आ सकता है।

विधेयक में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों में फ्रीज की गई रूसी संपत्तियों को यूक्रेन के पुनर्निर्माण में इस्तेमाल करने की कानूनी राह तैयार करने की बात कही गई है। इससे युद्ध के नुकसान की भरपाई की जाएगी।

रूस पर प्रतिबंध लगाने के लिए जारी किए गए ट्रम्प के कार्यकारी आदेशों को इस एक्ट के जरिए कानून में बदला जाएगा। भविष्य में कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति अकेले फैसले से इन प्रतिबंधों को नहीं हटा सकता और न ही उनमें कटौती कर सकेगा। अगर किसी तरह की छूट या राहत देनी भी हो, तो उसके लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होगी। बिल में राष्ट्रपति को विशेष छूट (प्रेसिडेंशियल वेवर) देने का भी प्रावधान है, ताकि डोनाल्ड ट्रम्प को रूस पर दबाव बनाने की ज्यादा ताकत मिल सके। रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने वाला यह बिल एक बाइपार्टिसन यानी द्विदलीय बिल है। यह बिल रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने मिलकर पेश किया है। सीनेटर लिंडसे ग्राहम के मुताबिक, इस बिल के अभी 85 सह-प्रायोजक (को-स्पॉन्सर) हैं, यानी सीनेट के 80 प्रतिशत से ज्यादा सांसद इसके समर्थन में हैं।

### रूसी तेल की वजह से भारत पर पहले से 25% टैरिफ

अमेरिका ने रूसी तेल की खरीद को लेकर पर पहले से 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया हुआ है। अगर यह बिल पास हो जाता है, तो दिल्ली के लिए नई मुश्किलें लेकर आ सकता है। अब तक भारत पर कुल 50% टैरिफ लग चुका है। इसके चलते भारत को अमेरिका में अपना सामान बेचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा रहा है, जिसका असर भारत के निर्यात पर पड़ रहा है। दोनों देशों के बीच टैरिफ विवाद को निपटाने के लिए ट्रेड डील पर बातचीत भी चल रही है। भारत चाहता है कि उस पर लगाए गए कुल 50% टैरिफ को घटाकर 15% किया जाए और रूस से कच्चा तेल खरीदने पर जो एक्स्ट्रा 25% पेनल्टी लगाई गई है, उसे पूरी तरह खत्म किया जाए।

■ वर्ष-12 अंक-68 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 09 जनवरी, 2026

## सुभाषितानि

यस्य पुत्रो वशीभूतो भार्या छन्दानुगामिनी।
विभवे यस्य सन्तुष्टिस्तस्य स्वर्ग इहैव हि॥

**भावार्थ** : जिसका पुत्र वशीभूत हो, पत्नी वेदों के मार्ग पर चलने वाली हो और जो वैभव से सन्तुष्ट हो, उसके लिए यहीं स्वर्ग है।

भोज्यं भोजनशक्तिश्च रतिशक्तिर वरांगना।
विभवो दानशक्तिश्च नाऽल्पस्य तपसः फलम्॥

**भावार्थ** : भोज्य पदाथ, भोजन-शक्ति, रतिशक्ति, सुन्दर स्त्री, वैभव तथा दान-शक्ति, ये सब सुख किसी अल्प तपस्या का फल नहीं होते।

## सम्पादकीयम्

### एसआईआर-सम्बद्धाः

भविष्यन्ति इति आशङ्का राजनैतिकमञ्चेषु प्रकटिता, परन्तु तत्र एसआईआर-सञ्चालनस्य मासाः गताः, निर्वाचनआयोगेन अद्यापि गृहीतानाम् आक्रमणकारिणां संख्यां न प्रकटितम्। ग्रामाः, न तु नगराणि। वस्तुतः आयोगेन कृतः एषः उपायः अन्येषु राज्येषु कार्यं कर्तुं गतानां मध्यमवर्गस्य च कृते बहु बृहत्तरं समस्यां जनयति, ये चिरकालात् नगरेषु निवसन्ति, परन्तु येषां नामानि ग्रामनिर्वाचनसूचिकासु अवशिष्टानि सन्ति। एसआईआर-सम्बद्धाः जनाः वदन्ति यत् यदि द्वयोः मध्ये विकल्पस्य सम्मुखीभवन्ति तर्हि एतादृशाः मतदातारः पैतृकसम्पत्त्या सह स्वस्य सम्बन्धं स्थापयितुं चिन्तायाः कारणात नगरे न तु ग्रामे एव मतदानं कर्तुं रोचन्ते योगी ने चेतावनी जारी कर दी। भाजपायाः नगरीयमतस्य विषये सर्वदा एव सर्वाधिकं प्रबलः दावाः सन्ति, अतः अत्र सम्भाव्यमतभागस्य खतरान् दृष्ट्वा यूपी-नगरस्य मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथः स्वपक्षस्य यन्त्राणां अतिरिक्तसतर्कतां कर्तुं आग्रहं कृतवान अस्ति। उप्र-गुजरात राज्य। सम्प्रति पश्चिमबङ्गदेशे तमिलनाडुदेशे च एसआईआर-प्रकरणं सर्वाधिकं उष्णम् अस्ति। एतेषु विपक्षशासितराज्येषु धार्मिकाल्पसंख्याकानां मतदातासूचिकातः बहिष्कारस्य भयं एस.आइ.आर. उल्लेखनीयं यत् पश्चिमबङ्गदेशे सम्प्रति अमानचित्रमतदातानां संख्या सर्वाधिकं न्यूना अस्ति, केवलं ४% एव। उत्तरप्रदेशस्य २७.१% भागः इति कथ्यते, गुजरातराज्ये १६% भागः अस्ति। लोपस्य भयम्। दस्तावेजसत्यापनानन्तरं एतत् प्रतिशतं निःसंदेहं न्यूनीभवति।

निर्वाचनआयोगेन सर्वोच्चन्यायालये उक्तं यत् निर्वाचनसूचिकासु

# नकलीनामानां च शिकायतां विविधस्रोताभ्यः उद्भूताः सन्ति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

नकलीनामानां च शिकायतां विविधस्रोताभ्यः उद्भूताः सन्ति। सुनवायीकाले आयोगेन स्पष्टीकृतं यत् मतदातासूचीनां पुनरीक्षणं नवीनं वा असाधारणं वा प्रक्रिया नास्ति, अपितु निरन्तरं नित्यं च अभ्यासः अस्ति, यः जनप्रतिनिधित्वकानूनस्य तत्सम्बद्धनियमानां च अन्तर्गतं समये समये क्रियते। परन्तु वर्तमानपरिस्थित्या संदिग्धदत्तांशस्य, द्वितीयकनामस्य, केषुचित क्षेत्रेषु अयोग्यव्यक्तिनां उपस्थितिः च इति चिन्तायाः कारणेन व्यापकं, गहनं पुनरीक्षणं आवश्यकम् आसीत् आयोगेन एतत् बोधितं यत् सम्पूर्णा एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी अस्ति, तस्याः कस्यापि वास्तविकस्य भारतीयनागरिकस्य अधिकारान् वंचयितुं कोऽपि अभिप्रायः नास्ति।

निर्वाचनआयोगस्य प्रतिनिधित्वं कुर्वन्तः वरिष्ठाः अधिवक्तारः अपि न्यायालयं सूचितवन्तः यत् आयोगः स्वतन्त्रः स्वायत्तः च संवैधानिकः निकायः अस्ति यस्य कर्तव्यनिर्वहणस्य प्रक्रियाः निर्धारयितुं अधिकारः अस्ति। याचिकाकर्तानां आरोपः आसीत् यत् एसआईआर नागरिकता-अधिनियमस्य व्याप्तेः अन्तः आक्रमणम् अस्ति, यस्मिन् आयोगेन स्पष्टीकृतं यत् सम्पूर्णा प्रक्रिया केवलं निर्वाचनकायदानानां अन्तर्गतं प्रचलति, नागरिकता-अधिनियमेन सह प्रत्यक्षः सम्बन्धः नास्ति इति। आयोगेन एतदपि आश्वासनं दत्तं यत् येषां नाम हतं भवति अथवा येषां स्थितिः प्रश्नः भवति तेषां कृते श्रवणस्य अपीलस्य च पूर्णः अवसरः दीयते, येन कस्यचित् अन्यायः न भवति इति सुनिश्चितं भवति।

विदेशीयानां निर्वाचनसूचिकासु समाविष्टस्य कथितस्य विषयः किञ्चित्कालात् राजनैतिकसामाजिकविमर्शस्य विषयः अस्ति। विपक्षदलाः केचन सामाजिकसंस्थाः च एसआईआर-प्रकरणेन नागरिकानां उत्पीडनं भवितुम् अर्हति इति चिन्ता प्रकटितवती आसीत्। एतेषां चिन्तानां प्रतिक्रियारूपेण निर्वाचनआयोगेन सर्वोच्चन्यायालये उक्तं यत् सः केवलं संविधानस्य प्रति उत्तरदायी अस्ति, कस्यापि राजनैतिकदबावात् स्वतन्त्रः, तस्य एकमात्रं उद्देश्यं च समीचीनं, निष्पक्षं, विश्वसनीयं च निर्वाचनसूचीं सज्जीकर्तुं वर्तते। आयोगेन इदमपि उक्तं यत् लोकतन्त्रस्य सामर्थ्यं निर्वाचनप्रक्रिया कियत् न्यायपूर्णं पारदर्शकं च इति विषये निर्भरं भवति। यदि एकस्य अपि अयोग्यस्य नाम निर्वाचनसूचौ तिष्ठति तर्हि सम्पूर्णव्यवस्थायाः विषये प्रश्नं जनयितुं शक्नोति।

द्वयोः दावयोः विसंगतिः

# कारणतः पुलिसैः सत्यनिर्धारणं कठिनं जातम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोटा

उभौ पक्षौ कुन्हाडीपुलिसस्थानम् आगतवन्तौ, तत्र पुलिसैः प्रारम्भिकप्रश्नानि आरब्धानि। अन्वेषणकाले पक्षद्वयं स्वतर्कं दावान् च प्रस्तुतवान्। रामलालः अवदत् यत् तस्य महिषस्य वयः चतुःपञ्चवर्षयोः मध्ये अस्ति, अधुना एव वत्सः जातः। एतस्मिन्नन्तरे इन्द्रजितः पुनः पुनः उक्तवान् यत् महिषः प्रायः सप्तवर्षीयः अस्ति, तस्य समीपे चिरकालं यावत् अस्ति। द्वयोः दावयोः विसंगतिः कारणतः पुलिसैः सत्यनिर्धारणं कठिनं जातम्। कुन्हाडीपुलिसस्थानस्य सर्कल इन्स्पेक्टर कौशल्यस्य मते यदा विवादस्य सौहार्दपूर्णतया निराकरणं कर्तुं न शक्यते स्म तदा पुलिसैः विशेषज्ञमतं प्राप्तुं निर्णयः कृतः। तदर्थं पशुचिकित्सामण्डलस्य निमार्णं जातम्। महिषः वत्सः च कोटा-नगरस्य मोखापाडा-नगरस्य सर्वकारीय-पशुचिकित्सालये नीतः, यत्र पशुचिकित्सकानाम् एकेन दलेन विस्तृतपरीक्षा कृता।

पशुचिकित्सकाः महिषस्य दन्तानाम् शारीरिकरूपस्य च परीक्षणं कृत्वा तस्य आयुः, स्थितिः च निर्धारितवन्तः। पशुचिकित्साशास्त्रे पशुस्य दन्तानाम् आधारेण तस्य वयः अनुमानितम् अस्ति, अतः एषा प्रक्रिया अनुसृता। परीक्षायाः अनन्तरं वैद्याः निष्कर्षं गतवन्तः यत् महिषः प्रायः चतुःपञ्चवर्षीयः अस्ति, न तु सप्तवर्षीयः यथा इन्द्रजित् अवदत् चिकित्सामण्डलस्य प्रतिवेदने अपि स्पष्टं कृतम् यत् महिषः अद्यैव वत्सं जनयति, येन रामलालस्य दावः सुदृढः अभवत्। चिकित्साप्रतिवेदनं प्राप्य अन्यैः उपलब्धसाक्ष्यैः सह पुलिसैः तुलना कृता।

## एसआईआर इत्यस्य अनन्तरं मसौदा मतदाता सूची प्रकाशिता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

उत्तरप्रदेशे आगामिनिर्वाचनस्य सज्जतायाः मध्यं निर्वाचनआयोगेन मतदातासूचिकायाः विशेषसघनपुनरीक्षणस्य नूतनमसौदासूची अद्य, मंगलवासरे, जनवरी 6, 2026 दिनाङ्के प्रकाशिता अस्ति। मुख्यनिर्वाचनपदाधिकारिणः नवदीप रिनवा इत्यस्य मते अस्य अभ्यासस्य उद्देश्यं पूर्णतया सटीकं त्रुटिरहितं च मतदातासूचीं सुनिश्चितं कर्तुं वर्तते। अस्मिन् क्रमे राज्ये सर्वत्र २.८९ कोटिमतदातानां नाम सूचीतः निष्कासितम् अस्ति, यत् कुलपञ्जीकृतमतदातृणां प्रायः १८.७० प्रतिशतं प्रतिनिधित्वं करोति मतदातासूचौ प्रमुखकमीकरणस्य प्रमुखाः आँकडाः मुख्यनिर्वाचनपदाधिकारिणा सूचितं यत् विभागाय प्रायः १२.५ कोटिमतपत्राणि प्राप्तानि। सम्यक परीक्षणानन्तरं आँकडासु महती न्यूनता अवलोकिता अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : बस ध्यान रखें कि गुस्से में या जल्दबाजी में बोले गए शब्द बाद में पछतावे की वजह बन सकते हैं।

**वृषभ** : पैसों के मामले में स्थिति ठीक रहेगी, लेकिन बचत की आदत बनाना जरूरी है। रिश्तों में भरोसा बढ़ेगा।

**मिथुन** : फायदा हो सकता है। पैसों में छोटे-मोटे लाभ होंगे, लेकिन खर्च भी साथ-साथ रहेगा।

**कर्क** : पैसों का खर्च घर या अपनों पर हो सकता है, जो आपको बुरा नहीं लगेगा। रिश्तों में अपनापन रहेगा।

**सिंह** : सोच-समझकर कदम उठाना जरूरी है। रिश्तों में किसी बात पर टकराव हो सकता है, इसलिए शब्दों का चयन संभलकर करें।

**कन्या** : हालांकि खर्च भी साथ-साथ चलता रहेगा। परिवार आपकी ताकत बनेगा। रिश्तों में आपसे उम्मीदें रहेंगी।

**तुला** : पैसों का हिसाब सही रहेगा, लेकिन मन को थोड़ा ढीला छोड़ना भी जरूरी है। रिश्तों में किसी अपने को आपकी जरूरत है।

**वृश्चिक** :पैसों में सुधार के संकेत हैं, लेकिन जोखिम सोच-समझकर लें। रिश्तों में गहरी बातचीत होगी, जिससे जुड़ाव बढ़ेगा।

**धनु** : पैसों में स्थिरता रहेगी, लेकिन बड़े फैसले फिलहाल टालना बेहतर होगा। रिश्तों में खुलकर बात करेंगे तो चीजें आसान होंगी।

**मकर** : पैसों में अचानक खर्च आ सकता है, इसलिए थोड़ा सतर्क रहें। रिश्तों में भरोसा और सच्चाई सबसे जरूरी होगी।

**कुंभ** : रिश्तों में दोस्तों का साथ अच्छा रहेगा और बातचीत से मन हल्का होगा। अधूरे काम निपटाने का यह सही समय है।

**मीन** : रिश्तों में प्यार और अपनापन मिलेगा, लेकिन हकीकत से भागने के बजाय उसका सामना करना बेहतर होगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# सूर्यदेव होंगे उत्तरायण, मकर संक्रांति पर इन 5 राशि वालों का चमकेगा भाग्य

मकर संक्रांति पर सूर्यदेव मकर राशि में गोचर करेंगे और दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर अग्रसर होंगे। ऐसे में कुछ राशियों पर इस दिन सूर्य की विशेष कृपा होगी। आइए जानते हैं मकर संक्रांति किन 5 राशियों के लिए विशेष रूप से शुभ रहने वाली है।

मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी, बुधवार को मनाया जाएगा। इस दिन सूर्यदेव मकर राशि में गोचर करेंगे और दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर अग्रसर होंगे। शास्त्रों में उत्तरायण को देवताओं का दिन और दक्षिणायन को देवताओं की रात्रि कहा गया है। मकर संक्रांति से देवताओं का दिन आरंभ माना जाता है। इस विशेष तिथि पर सूर्यदेव का प्रभाव और भी तेज हो जाता है। ऐसे में कुछ राशियों पर इस दिन सूर्य की विशेष कृपा पड़ेगी, जिससे नौकरी, पद-प्रतिष्ठा, मान-सम्मान और सरकारी क्षेत्र से जुड़े मामलों में लाभ मिलता है। साथ ही पिता का सहयोग और आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। आइए जानते हैं मकर संक्रांति किन 5 राशियों के लिए विशेष रूप से शुभ रहने वाली है।

**मेष राशि-** मकर संक्रांति मेष राशि वालों के लिए शुभ संकेत लेकर आ रही है। इस दिन आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। जो लोग नौकरी की तलाश में हैं या बदलाव की सोच रहे हैं, उनके लिए यह समय अनुकूल रहेगा। जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत



होगी और संपत्ति में वृद्धि के योग बनेंगे। व्यापार से जुड़े लोगों को लाभ होने की संभावना है।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि के जातकों की आय में बढ़ोतरी के संकेत हैं। धन कमाने के नए अवसर मिल सकते हैं या अचानक आर्थिक लाभ हो सकता है। लंबे समय से अटका हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है। निवेश से मुनाफा मिलने के योग बन रहे हैं। नौकरीपेशा लोगों को नई नौकरी या प्रमोशन का प्रस्ताव मिल सकता है।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए मकर संक्रांति आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित हो सकती है। बैंक बैलेंस में इजाफा होगा और बचत करने में सफलता मिलेगी। सूर्यदेव की कृपा से स्वास्थ्य में सुधार रहेगा और पुरानी बीमारियों से राहत मिल सकती है। काम-काज को आगे बढ़ाने की नई योजनाएं बनेंगी। व्यापारियों के लिए दिन लाभदायक रहेगा।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के स्वामी सूर्यदेव हैं, इसलिए मकर संक्रांति आपके लिए विशेष उन्नति लेकर आएगी। नौकरीपेशा लोगों को तरक्की या नई नौकरी का प्रस्ताव मिल सकता है, हालांकि निर्णय सोच-समझकर लें। माता लक्ष्मी की कृपा से आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आत्मविश्वास बढ़ेगा और घर में पिता व कार्यस्थल पर वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन राशि-** मकर संक्रांति मीन राशि वालों के लिए भी शुभ मानी जा रही है। सरकारी नौकरी या प्रशासन से जुड़े कार्यों में लाभ मिल सकता है। इससे करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। धन और अन्न में वृद्धि के योग बनेंगे। सूर्यदेव की कृपा से बेरोजगार लोगों को रोजगार मिल सकता है। किसी भी निर्णय से पहले पिता या बड़े भाई की सलाह लेना लाभकारी रहेगा।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, शुक्रवार 09 जनवरी, 2026



## खबर एक नजर...

### फूल प्रसाद बेचने वाली महिला के साथ मारपीट

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर क्षेत्र में राधाबाई प्रजापति निवासी जूना सोमवारिया भक्ति भंडार की दुकान संचालित करती है। जिसके साथ फूल प्रसाद बेचने वाले यशपाल ने अपने पुत्र सोनू, शीतल और मोंटी के साथ मिलकर बुरी तरह मारपीट की। राधाबाई के घायल होने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल राधा ने बताया कि उसे मंदिर समिति द्वारा दुकान आवंटित की गई है। उसकी दुकान के समीप यशपाल ने अवैध दुकान लगा ली थी। वह आए दिन दादागिरी करता था जिसके चलते उसकी शिकायत की गई थी। 2 दिन पहले मंदिर समिति और नगर निगम ने अवैध दुकान को हटा दिया था इसी बात की रंजिश रखते हुए यशपाल ने उसके साथ मारपीट की है। मामले में घायल के बयान दर्ज कर महाकाल थाना पुलिस द्वारा जांच की जाएगी।

### घर में सोए वृद्ध पर किया डंडे से हमला

**उज्जैन।** झारडा थाना क्षेत्र के रणाहेड़ा पीर में रहने वाले बापूलाल पिता पूरा परमार 60 साल पर गांव के ही रहने वाले गोपाल ने डंडे से हमला कर दिया। घटना के समय बाबूलाल घर में सोया हुआ था। आवाज सुनकर बीच बचाव में पुत्र दीपक आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। बापूलाल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बापूलाल का पुत्र 2 साल पहले गोपाल की लड़की को लेकर भाग गया था। मामला पुलिस तक पहुंचा था और बाबूलाल के पुत्र जितेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया था। जितेंद्र जमानत पर बाहर आ गया है लेकिन गोपाल की लड़की उसे मोबाइल पर मैसेज करती है जिसको लेकर जितेंद्र ने उसके साथ गाली गलौज कर दी थी। इसी बात पर गोपाल ने बापूलाल पर हमला किया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### इंदौर-नागदा बायपास पर ऑटो-डंपर की टक्कर

**उज्जैन।** इंदौर–नागदा बायपास मार्ग पर बीती रात ऑटो रिक्शा को तेज गति में आए डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में ऑटो चालक संजय पिता शंकरलाल माली 30 साल निवासी आनंद नगर नानाखेड़ा घायल हो गया। घायल संजय ने बताया कि वह चिंतामण सवारी छोड़ने गया था। जहां से वापस लौटते समय शांति पैलेस होटल के पीछे उसे डंपर ने टक्कर मारी। डंपर पीछे से आ रहा था जोर से टक्कर लगने पर वह ऑटो का कांच फूटने से घायल हुआ है। नीलगंगा पुलिस ने मामला दर्ज किया है। दुर्घटना का एक मामला आगर रोड एलाउंस सिटी गेट पर हुआ। कॉलोनी में रहने वाले 85 वर्षीय नंदकिशोर सोलंकी पैदल घर जा रहे थे उन्हें तेज गति से आए बाईक चालक ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। चिमनगंज पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का प्रकरण दर्ज किया है।

### होटल संचालक ने किया आदेश का उल्लंघन

**उज्जैन।** हरसिद्धि मंदिर मार्ग कहारवाड़ी में मंगलम होटल संचालित करने वाले विजय कसेरा के खिलाफ महाकाल थाना पुलिस ने जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया है। होटल संचालक द्वारा अपने यहां ठहरे यात्रियों की सूचना पुलिस को नहीं दी थी। पिछले दिनों नानाखेड़ा, माधवनगर और महाकाल क्षेत्र में कुछ बदमाशों ने कारों के कांच फोड़ कर बैग चोरी किए थे। उक्त बदमाश होटल मंगलम में ही ठहरे थे। जिसका खुलासा तीन थाना क्षेत्र में हुई वारदात के बाद सीसीटीवी कैमरो की मदद से हुआ था। वारदात करने वाले बदमाश तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश से आए हुए थे जिन्होंने होटल में कमरा लेने के बाद वारदातों को अंजाम दिया था।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 235-0 | 248-4 |
| मेन बाजार | 299-0 | 335-1 |
| मिलन डे | 680-4 | 468-8 |
| मिलन नाइट | 166-3 | 450-9 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 5 | 0 |

### कैमरों में दिखी कार से मिली सफलता, 2 हिरासत में

# झांसी के बदमाशों ने तोड़ा था व्यास कालोनी में मकान का ताला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

व्यास कालोनी बड़नगर में हुई लाखों की चोरी को उत्तरप्रदेश के झांसी से आये बदमाशों ने अंजाम दिया था। कैमरों के फुटेज देखने पर संदिग्ध कार दिखाई दी थी। जिसके आधार पर 2 बदमाशों को झांसी से गिरफ्तार किया गया है। दोनों को पूछताछ के लिये 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। उनका एक साथी फरार है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 29-30 नवम्बर 2025 में व्यास कालोनी में रहने वाले शेखर पिता ओमप्रकाश रावल के सूने मकान में चोरी की बड़ी वारदात हो गई थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये थे। जिसमें एक संदिग्ध कार क्रमांक यूपी 93 सीई 3665 दिखाई दी। जिसका नम्बर ट्रेस कर एसआई सुरेन्द्र गरवाल, एएसआई सुनील देवके प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, आरक्षक महेश मोर्य नारायण सरा, अजय चौहान की टीम को उत्तरप्रदेश रवाना किया गया। जहां सामने आया कि कार झांसी के रहने वाले व्यक्ति की है। जिसे तलाश कर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि कार उमेश वर्मा और उसके साथी अरविंद, भूपेन्द्र मांग कर मध्यप्रदेश के देवास में शादी होने का बोलकर ले गये थे। कार सवारों की जानकारी मिलने पर उनके घरों पर दबिश दी गई, लेकिन फरार होना सामने आये। तकनीकी साक्ष्यों से उन्हे ट्रेस किया गया, इस दौरान अरविंद पिता परशुराम कुशवाह और भूपेन्द्र उर्फ काली पिता मतादीन प्रजापति निवासी निमौनाखेड़ा थाना बरूआ सागर जिला झांसी हिरासत में आ गये। जिन्हे गिरफ्तार कर बड़नगर लाया गया है। दोनों ने पूछताछ में अपने साथी उमेश वर्मा के साथ चोरी को अंजाम देना कबूल किया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। उनके फरार साथी उमेश की तलाश और चोरी का मामल बरामद करने के लिये टीम को दोबारा झांसी भेजा जायेगा।



#### रैकी कर देते थे चोरी को अंजाम

उत्तरप्रदेश से निकलकर तीनों बदमाश मध्यप्रदेश और आसपास के जिलों में पहुंचते थे। जहां दिन में सूने मकानों की रैकी कर रात में वारदात को अंजाम देते थे। हिरासत में आये दोनों बदमाशों के खिलाफ पूर्व में भी अपराधिक रिकार्ड होना सामने आया है। वहीं फरार साथी पर भी संगीन मामले दर्ज है। व्यास कालोनी में चोरी के दौरान मकान में रहने वाला रावल परिवार शादी में शामिल होने उज्जैन गया था। दूसरे दिन लौटने पर चोरी होना सामने आया था।

#### आभूषणों के साथ चुरो थे 4 लाख नगद

शेखर रावल के मकान में हुई चोरी के बाद सामने आया था कि बदमाशों ने ताला तोड़कर घर की अलमारी में रखे 4 लाख रुपए अधिक नगद और सोने-चांदी के आभूषण चोरी किये थे। झांसी के 2 बदमाशों को गिरफ्तार करने के बाद सामने आया कि उन्होने नगद राशि खर्च कर दी है। आभूषण फरार साथी के पास है। थाना प्रभारी के अनुसार फरार आरोपी को गिरफ्तार कर आभूषण बरामदगी के प्रयास किये जायेगें।

## ट्रेक्टर-ट्राली से टक्कर में घायल महिला की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मक्सीरोड पर 2 दिन पहले ट्रेक्टर-ट्राली से हुई टक्कर में बुरी तरह घायल हुई महिला की बुधवार-गुरूवार रात मौत हो गई। उसके साथ युवक भी था, जो महिला को अस्पताल में छोड़कर भाग गया था। पुलिस उक्त युवक की तलाश कर रही है।

पंवासा थाना क्षेत्र के मक्सीरोड पर शंकरपुर में 2 दिन पहले बाइक पर सवार महिला और युवक ट्रेक्टर-ट्राली से हुई टक्कर में घायल हो गये थे। महिला को सिर में गंभीर चोंट लगी थी। युवक मामूली घायल हुआ था। दुर्घटना के बाद दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया था। जहां से युवक भाग निकला था। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची थी। महिला की पहचान मनीषा पति विजय लौहार के रूप में हुई थी। उसके मोबाइल पर लगातार कॉल आ रहे थे। जिसे पुलिस ने रिसिव किया तो सामने आया कि मोतीनगर की रहने वाली है। भाई मनीष मालवीय से चर्चा होने पर पुलिस ने अस्पताल बुलाया था। जहां सामने आया था कि मनीषा की शादी आलोट में हुई थी। लेकिन वह मायके में रहकर घरों में बत्रन मांजने का काम करती थी। परिवार को दुर्घटना के दौरान उसके साथ मौजूद युवक की जानकारी नहीं थी। मनीषा की हालत काफी गंभीर थी। उसे आईसीयू में रखा गया था। लेकिन रात में उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घायल महिला के साथ ईश्वर नाम का युवक था। जिसकी तलाश की जा रही है। फिलहाल मामले में सड़क दुर्घटना के साथ मर्ग कायम किया गया है।

## बाइक सवार ने 14 साल के बालक को मारे चाकू

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

होटल में रूम लगाने का काम करने वाले 14 साल के बालक को गुरूवार सुबह बाइक सवार ने चाकू मार दिये। तीन चाकू लगने पर घायल बालक को लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।

जानसापुरा में रहने वाला उस्मान पिता मोहममद हुसैन 14 साल केडीगेट क्षेत्र में होटल सजन पैलेस पर रूम लगाने का काम करता है। सुबह वह पैदल होटल जा रहा था। उसी दौरान पल्सर बाइक से आये यासीन ने उसे बीच रास्ते में रोका और चाकू से हमला कर दिया। जांघ और पैर पर चाकू के तीन वार लगने पर उस्मान घायल हो गया। हमला करने वाले भाग निकला। लोगों की मदद से घायल बालक को अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे टांके लगाने के बाद भर्ती किया। घायल उस्मान ने बताया कि यासीन भी क्षेत्र का रहने वाला है। एक माह पहले मजाक-मस्ती में विवाद हुआ था। जिसका बदला लेने के लिये उसे चाकू मारे है। जीवाजीगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर यासीन की तलाश शुरू की है।



### विमल पाऊच के झोले में छुपाकर लाया था शराब

# लालपुल के पास से पकड़ाया एक्टिवा सवार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

एक्टिवा से अवैध शराब लेकर युवक के आने की खबर मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की। युवक को पकड़ा गया तो उसके पास से विमल पाऊच के झोले में भरी देशी शराब बरामद हो गई। युवक को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है।

नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक कपिल राठौर ने बताया कि एक्टिवा पर सवार युवक द्वारा अवैध शराब लेकर आने की खबर मिलने पर आरक्षक दीपक दिनकर, पुष्पराजसिंह, अंकित चौहान के साथ लालपुल क्षेत्र में घेराबंदी की गई थी। कुछ देर में एक्टिवा पर सवार युवक आता दिखाई दिये। जिसके पास विमल पाऊच के 2 झोले थे। युवक को रोकने का प्रयास किया तो उसने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे पीछा कर पकड़ लिया। उसके पास से झोले बरामद किये गये। जिसमें देशी शराब के क्वार्टर भरे होना सामने आये। एक्टिवा के साथ शराब जप्त कर युवक को थाने लाया गया। जहां पूछताछ में अवैध शराब 6 पेटी होना सामने आई। युवक शास्त्रीनगर का रहने वाला विजेन्द्र पिता राजाराम जयसवाल 29 साल है। मामले में आबकारी एक्ट अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने एक व्यक्ति द्वारा शराब देने की बात कहीं है। जिसका पता लगाया जा रहा है।




## नृसिंहघाट से मिली लाश की हुई शिनाख्त

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नृसिंहघाट के पास से गुरूवार सुबह वृद्ध की लाश पुलिस ने बरामद की थी। जिसकी शाम को इंदौर से आये भाई ने शिनाख्त की। महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कनौजिया ने बताया कि सुबह कुछ लोगों की सूचना पर पुलिस नृसिंहघाट पहुंची थी। मृतक के पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला था। आसपास लोगों से पहचान के प्रयास करने पर शाम को पता चला कि मृतक सोंटी उर्फ सुनील पिता सदाशिव राव 55 साल है। जो मगरमुहा सिंहपुरी क्षेत्र में किराये का मकान लेकर रहता था और भिक्षावृत्ति का काम करता था। पुलिस ने मगरमुहा पहुंचकर जानकारी जुटाई तो परिवार के इंदौर में रहने की जानकारी मिली। भाई को सूचना दी गई। देर शाम भाई ने आकर पहचान करते हुए बताया कि सुनील अविवाहित था और परिवार से अलग रहता था। पुलिस ने आशंका जताई है कि बीमारी और ठंड की वजह से मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव भाई को सौंपा गया है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com